दैनिक
# नवयत्न
केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
RNI No. RAJHIN/2010/31619
Post.Reg No. sikar/041/2016-2018
खबरें सड़क से संसद तक
वर्ष: 17 | अंक 100 | सीकर, सोमवार 08 जून 2026 | Email : navyatndainik@gmail.com | मूल्य 1 रुपया | पृष्ठ 8


### चेंजिंग रूम वीडियो प्रकरण
## भाजपाइयों का विवेकानंद चौक पर प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन



विजेंद्र सिंह लमोरिया

**चिड़ावा ( नवयत्न )।** शहर के एक कपड़ा शोरूम के चेंजिंग रूम (ट्रायल रूम) में युवती का कथित तौर पर अश्लील वीडियो बनाए जाने के मामले को लेकर भाजपाइयों, व्यापारियों और विभिन्न संगठनों ने आक्रोश व्यक्त किया है और क्षेत्र में बढ़ते अपराधों पर चिंता व्यक्त की है। घटना के विरोध में रविवार को हिंदूवादी संगठनों, भाजपा नेताओं और व्यापार मंडल के प्रतिनिधियों ने विरोध प्रदर्शन किया और पुलिस प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की।

#### कबूतरखाना पार्क में हुई सामूहिक बैठक

विवेकानन्द चौक पर ज्ञापन देने से पहले कबूतरखाना बस स्टैंड स्थित पार्क में व्यापारियों, हिंदूवादी संगठनों और भाजपा नेताओं की एक सामूहिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में घटना को लेकर गहरा आक्रोश व्यक्त किया गया और सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इस गंभीर मामले में जिला कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन देकर त्वरित व कड़ी कार्रवाई की मांग की जाएगी। बैठक के बाद सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता वहां से रैली के रूप में पुरानी तहसील होते हुए विवेकानंद चौक पहुंचे।

#### विवेकानंद चौक पर नारेबाजी और प्रदर्शन

विवेकानंद चौक पहुंचने पर उपस्थित लोगों ने घटना के विरोध में जबरदस्त नारेबाजी की और आक्रोश प्रकट किया। प्रदर्शन के दौरान ही वहां मौजूद थानाधिकारी कैलाश चंद्र को एसपी के नाम का ज्ञापन सौंपा गया। इस मौके पर भाजपा नेता राजेश दहिया, नगर अध्यक्ष नरेंद्र गिरधर, विहिप जिलाध्यक्ष पृथ्वीराज शर्मा, विहिप नगर अध्यक्ष गौरव शर्मा,, भाजपा युवा मोर्चा जिला मंत्री राजू मराठा, भाजपा युवा मोर्चा नगर अध्यक्ष अशोक शर्मा, पीयूष बाछूका, बाबूसिंह राजपुरोहित, बिल्लू मुरादपुरिया, आशु स्वामी, नीतिका थालोर, पूजा शर्मा, ख्याति केडिया, महेश शर्मा धन्ना, बजरंग दल अध्यक्ष यमन वर्मा, सुनील भड़िया, भाजपा पूर्व मंडल अध्यक्ष बाबूलाल वर्मा, बीएल वर्मा, राहुल भीमराजका, मुकेश खंडेलवाल, मुकेश जलिंद्रा, सुनील टेलर, राजेंद्र शर्मा, विकास पायल, अभिषेक पारीक, रामचंद्र शर्मा, पवन शर्मा नवहाल, अमित सैनी, विकास खंडेलवाल, अमित खंडेलवाल और शेरसिंह सहित काफी संख्या में स्थानीय लोग व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

#### व्यापार मंडल ने जताई चिंता

घटना के संबंध में स्थानीय व्यापार मंडल के प्रतिनिधि ने विश्वास दिलाया कि व्यापार मंडल महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान के साथ पूरी तरह खड़ा है। उन्होंने सोशल मीडिया पर किसी भी तरह की अफवाह न फैलाने और शांति बनाए रखने की अपील की।

#### ज्ञापन में की गई मुख्य मांगें

**त्वरित व निष्पक्ष जांच-** प्रकरण की जल्द से जल्द जांच कर दोषियों के खिलाफकठोर कानूनी कार्रवाई हो।

**बुलडोजर कार्रवाई व सार्वजनिक जुलूस-** आरोपियों के व्यावसायिक और आवासीय परिसरों पर बुलडोजर चलाया जाए और कोर्ट ले जाते समय उनका सार्वजनिक जुलूस निकाला जाए।

**ट्रायल रूम्स की सघन जांच-** चिड़ावा क्षेत्र के समस्त कपड़ा शोरूम, मॉल और गारमेंट्स स्टोर्स के ट्रायल रूम की विशेष जांच की जाए ताकि छिपे हुए कैमरों या रिकॉर्डिंग उपकरणों का पता लगाया जा सके।

**महिला कर्मचारियों की अनिवार्यता-** गारमेंट्स और रेडीमेड दुकानों पर महिला कर्मचारियों की नियुक्ति अनिवार्य की जाए और सभी स्टाफ का पुलिस वेरिफिकेशन कराया जाए।

**वास्तविक पहचान-** व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर उनके वास्तविक मालिकों का नाम स्पष्ट रूप से अंकित होना चाहिए।

#### पुलिस प्रशासन का रुख

ज्ञापन प्राप्त करने के बाद थानाधिकारी कैलाश चंद्र ने बताया चेंजिंग रूम में वीडियो बनाने के संबंध में व्यापार मंडल और विभिन्न संगठनों ने एसपी के नाम ज्ञापन सौंपा है। इसे तुरंत उच्चाधिकारियों को भेजा जा रहा है। मामले में प्राप्त तथ्यों के आधार पर पूरी तरह से कानूनी कार्रवाई की जाएगी। दोषी को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा और निर्दोष को कोई परेशानी नहीं होगी। फिलहाल क्षेत्र में कानून-व्यवस्था और शांति बनाए रखने के लिए पुलिस पूरी तरह सतर्क है।

## मानसून महाराष्ट्र समेत 12 राज्यों में पहुंचा
### केरलम-तमिलनाडु में भारी बारिश, चेन्नई में पारा 40डिग्री
### एमपी-राजस्थान में 50किमी/प्रतिघंटा की रफ्तार से आंधी चली







भोपाल/लखनऊ/जयपुर/पटना।

मानसून रविवार को चार और राज्यों त्रिपुरा, नगालैंड, असम और अरुणाचल प्रदेश में पहुंच गया। महाराष्ट्र में मानसून केवल दक्षिण कोंकण तक बढ़ा। इसके चलते 9 जून तक सिंधुदुर्ग और रत्नागिरी में भारी बारिश हो सकती है। हालांकि अगले हफ्ते तक राज्य में बारिश का पैटर्न कमजोर रहने का अनुमान है। आईएमडी के मुताबिक मानसून के कारण केरलम, कर्नाटक, गोवा और तमिलनाडु में कई जिलों में भारी बारिश हो रही है। हालांकि तमिलनाडु की राजधानी चेन्नई में लगातार 5वें दिन पारा 40डिग्री का आंकड़ा पार कर गया। देश में गुजरात को छोड़कर अन्य सभी राज्यों में प्री-मानसून बारिश हो रही है। मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, बिहार, झारखंड, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश समेत नॉर्थ ईस्ट के राज्यों में शनिवार को तेज बारिश हुई। एमपी में भोपाल समेत 4 जिलों में 50किमी/प्रतिघंटा की रफ्तार वाली आंधी चली। राजस्थान के बीकानेर में बारिश के साथ ओले गिरे। यूपी के मऊ और गाजीपुर में भी शनिवार को बारिश हुई।

#### मानसून अलर्ट

तीन दिन की देरी से पहुंचने के बाद मानसून ने रफ्तार पकड़ ली है। 4 दिन के अंदर इसने 7 राज्यों को कवर कर लिया है। शनिवार को मानसून ने आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, मिजोरम और मणिपुर में एंट्री ली। इससे पहले शुक्रवार को कर्नाटक, तमिलनाडु और गोवा में पहुंचा था। केरलम में मानसून 4 जून को पहुंचा था।

आईएमडी के मुताबिक अगले तीन दिनों में मानसून पूर्वोत्तर के सभी राज्यों और पश्चिम बंगाल के कुछ हिस्सों तक पहुंच सकता है। अगले 10 दिनों में इसके बिहार, झारखंड और ओडिशा पहुंचने की संभावना है। स्काईमेट वेदर के एक्सपर्ट जीपी शर्मा के मुताबिक एमपी, छत्तीसगढ़, ओडिशा और बंगाल में मानसून की रफ्तार फिलहाल धीमी रह सकती है, क्योंकि इसे आगे बढ़ाने के लिए बंगाल की खाड़ी में कोई मजबूत मौसम सिस्टम एक्टिव नहीं है।

## जेविभा में प्रतिमाह चिकित्सा शिविर का आयोजन, विशेषज्ञ चिकित्सक दे रहे नि:शुल्क सेवाएं



अबूबकर बल्खी

**लाडनूं ( नवयत्न )।** आचार्यश्री महाश्रमण के योगक्षेम प्रवास वर्ष के दौरान जैन विश्व भारती में चिकित्सा सेवा के उद्देश्य से तेरापंथ प्रोफेशनल फोरम के तत्वावधान में प्रतिमाह के प्रथम रविवार को नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। रविवार को शिविर में विभिन्न रोगों से पीड़ित करीब 200 मरीजों को विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा नि:शुल्क परामर्श एवं उपचार प्रदान किया गया। शिविर में जयपुर से आए विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने अपनी सेवाएं देते हुए मरीजों की जांच की तथा स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक सलाह दी। समाजसेवी कमल सिंह बेद ने बताया कि आचार्यश्री महाश्रमण की प्रेरणा से मानव सेवा के उद्देश्य से शिविर में किडनी रोग, हड्डी रोग, दंत रोग, जनरल सर्जरी, स्त्री रोग, हृदय रोग, नेत्र रोग, शिशु रोग, आयुर्वेद एवं होम्योपैथी सहित विभिन्न रोगों का उपचार एवं परामर्श किया गया है। रविवार को यहां निरामयम ब्लॉक में आयोजित शिविर में बड़ी संख्या में मरीजों ने पहुंचकर विशेषज्ञ चिकित्सकों से स्वास्थ्य परामर्श प्राप्त किया और नि:शुल्क चिकित्सा सेवाओं का लाभ उठाया।

## बीजेपी शहर की मासिक संगठनात्मक बैठक आयोजित

संजय सोनी



**झुंझुनू ( नवयत्न )।** भारतीय जनता पार्टी झुंझुनू शहर की मासिक संगठनात्मक बैठक प्रदेश के निर्देशानुसार शहर कार्यालय में आयोजित की गई। इस बैठक में मुख्य रूप से आगामी संगठनात्मक गतिविधियों को गति देने और पार्टी की मजबूती के लिए कार्ययोजना तैयार करने पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक के दौरान उपस्थित वरिष्ठ पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त बनाने पर जोर दिया। चर्चा का मुख्य केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाना और आगामी समय में आने वाले संगठनात्मक कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करना रहा। वक्ताओं ने आपसी समन्वय और एकजुटता के साथ पार्टी के विस्तार के लिए निरंतर सक्रिय रहने का आह्वान किया। बैठक में सीए लोकेश अग्रवाल, ललित जोशी, रवि लांबा, ख्यालीराम कुमावत, पंकज बावलिया, पारस सैन, मनोहर लाल धूपिया, दीपक स्वामी, रामनिवास सैनी, संजय भार्गव, संदीप गोयल, विनोद गरवा, शंभू नेहरा और सौरभ जोशी सहित बड़ी संख्या में बीजेपी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**एक पेड़ मां के नाम अभियान का संदेश**-संगठनात्मक चर्चा के बाद सभी कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रेरित एक पेड़ मां के नाम अभियान के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। बैठक में शामिल सभी लोग मुनि आश्रम पहुँचे और वहाँ पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पौधरोपण किया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने कहा कि अपनी मां के सम्मान में एक पेड़ लगाना न केवल पर्यावरण के लिए महत्वपूर्ण है बल्कि यह हमारे संस्कारों और प्रकृति के प्रति प्रेम को भी दर्शाता है। कार्यकर्ताओं ने आमजन से भी इस अभियान से जुड़कर अपने आसपास हरियाली बढ़ाने की अपील की।

## विशेष यातायात जागरूकता एवं प्रवर्तन सप्ताह का समापन
### भामाशाहों के सहयोग से 898 हेलमेट वितरित



हर्ष सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने, आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने तथा जिले में सुरक्षित एवं सुगम यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला पुलिस अधीक्षक कावेन्द्र सिंह सागर आईपीएस के निर्देशन व देवेन्द्र सिंह राजावत आरपीएस अति. पुलिस अधीक्षक मुख्यालय झुन्झुनूं के मार्गदर्शन में 2 से 7 जून तक विशेष यातायात जागरूकता एवं प्रवर्तन सप्ताह का आयोजन किया गया। इसी क्रम में सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के प्रति आमजन में जागरूकता बढ़ाने, दुपहिया वाहन चालकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली जनहानि को कम करने के उद्देश्य से जिले के भामाशाहों व स्वयंसेवी संस्थाओं के सहयोग से जिला पुलिस द्वारा दुपहिया वाहन चालकों को शनिवार को 400 तथा रविवार को 498 हेलमेट कुल 898 हेलमेट वितरित किए गए। सड़क दुर्घटनाओं में सिर पर गंभीर चोट लगना मृत्यु का प्रमुख कारण होता है, जिससे बचाव के लिए हेलमेट का उपयोग अत्यंत आवश्यक है। हेलमेट वितरण अभियान के माध्यम से दुपहिया वाहन चालकों को यातायात नियमों की पालना करने एवं सदैव हेलमेट पहनकर वाहन चलाने के लिए प्रेरित किया गया। झुन्झुनूं पुलिस आमजन से अपील करती है कि वे स्वयं यातायात नियमों का पालन करें तथा अपने परिवार एवं परिचितों को भी सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करें। यातायात नियमों का पालन न केवल स्वयं की सुरक्षा सुनिश्चित करता है बल्कि अन्य सड़क उपयोगकर्ताओं के जीवन की रक्षा में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। सुरक्षित यातायात, सुरक्षित जीवन के संदेश के साथ झुन्झुनूं पुलिस द्वारा इस प्रकार के अभियान आगे भी जारी रहेंगे।

# ऑपरेशन म्यूल हंटर : 478 संदिग्धों से पूछताछ, 23 एफआईआर दर्ज, 97 गिरफ्तार
## 5 से 15 हजार रुपए के लालच में खाते किराये पर दे रहे युवा

निसं

**चूरू ( नवयत्न )।** चंद रुपयों का लालच, जल्दी अमीर बनने की चाह और बिना मेहनत कमाई का शॉर्टकट युवाओं को साइबर अपराधियों का मददगार बना रहा है। चूरू जिले में बड़ी संख्या में बेरोजगार युवा 5 से 15 हजार रुपए के लालच में अपने बैंक खाते, आधार और पैन कार्ड जैसी महत्वपूर्ण दस्तावेजी जानकारी साइबर ठगों को सौंप रहे हैं। जिला पुलिस अधीक्षक निश्चय प्रसाद एम के नेतृत्व में जिले भर में पुलिस के ऑपरेशन म्यूल हंटर अभियान के दौरान ऐसे मामलों का खुलासा हुआ है। फिलहाल जिले के करीब 3200 संदिग्ध बैंक खाते पुलिस की निगरानी में हैं। जांच में सामने आया है कि इन खातों के जरिए देशभर में साइबर ठगी से अर्जित करोड़ों रुपए का लेन-देन किया जा रहा है। निश्चय प्रसाद एम के अनुसार साइबर ठग सोशल मीडिया पर वर्क फ्रॉम होम, घर बैठे कमाई और अन्य आकर्षक ऑफर देकर युवाओं को फंसाते हैं तथा उनके बैंक खातों का उपयोग ठगी की रकम के ट्रांजेक्शन के लिए करते हैं।

#### खाताधारक भी माना जाता है अपराधी

अधिवक्ता अभिनव श्रीधर के अनुसार कई लोग यह सोचकर अपना खाता दूसरों को दे देते हैं कि अपराध कोई और कर रहा है लेकिन कानूनन जिस खाते में ठगी की राशि आती है, उसका खाताधारक भी प्राथमिक रूप से आरोपी माना जाता है।

पुलिस अब ऐसे खाताधारकों के जरिए साइबर ठगी के असली मास्टरमाइंड तक पहुंचने का प्रयास कर रही है। अधिकारियों का कहना है कि लालच या अनजाने में किसी अन्य व्यक्ति को अपना बैंक खाता उपलब्ध कराना सीधे तौर पर अपराध में सहयोग माना जा सकता है।

#### नकद राशि और कमीशन का झांसा

जांच में सामने आया है कि साइबर ठग एक बैंक खाता उपलब्ध कराने के बदले युवाओं को 5 हजार से 15 हजार रुपए तक नकद देते हैं। इसके अलावा खाते में आने वाली ठगी की रकम पर 20 प्रतिशत तक कमीशन देने का लालच भी दिया जाता है। जिला मुख्यालय पर ही एक युवक ने 10 हजार रुपए और 20 प्रतिशत कमीशन के लालच में अपना पूरा बैंक खाता ठगों को सौंप दिया था। इसी प्रकार कई मामलों में लोग ई-मित्र केंद्रों या अन्य माध्यमों से अनजान व्यक्तियों को अपने खाते से नकद राशि निकालकर भी दे रहे हैं, जिससे वे अनजाने में साइबर अपराधियों की मदद कर रहे हैं।

### समझें इन दो मामले से

#### मामला-1 : 58.13 करोड़ की साइबर ठगी से जुड़ा खाता

साइबर थाना पुलिस ने ऑपरेशन म्यूल हंटर के तहत जाहिद भाटी उर्फ धोनी निवासी चमनबास, चूरू को गिरफ्तार कर जेल भेजा। पुलिस के अनुसार जाहिद ने कलेक्ट्रेट स्थित एसबीआई शाखा में बैंक खाता खुलवाया और 10 हजार रुपए नकद व 20 प्रतिशत कमीशन के लालच में यह खाता मुख्य आरोपी सोहेल उर्फशिंदू को सौंप दिया। सितंबर 2025 में इस खाते में करीब 8 लाख रुपए ट्रांसफर हुए, जिन्हें तुरंत निकाल लिया गया। जांच में यह मामला 58 .13 करोड़ रुपए की देशव्यापी साइबर ठगी से जुड़ा पाया गया।

#### मामला-2 : फर्जी फर्म बनाकर 1.16 करोड़ का ट्रांजेक्शन

साइबर पुलिस ने सचिन कुमार निवासी सुलखनिया बड़ा को गुरुग्राम जेल से प्रोटेक्शन वारंट पर गिरफ्तार किया। जांच में सामने आया कि सचिन ने शारदा एंटरप्राइजेज नाम से फर्जी फर्म बनाई थी, जिसका पता महावीर प्लाजा, नई सड़क, चूरू दर्शाया गया था। मौके पर ऐसी कोई फर्म मौजूद नहीं मिली। बंधन बैंक के खाते में समन्वय पोर्टल पर दर्ज 14 शिकायतों के माध्यम से पहली ही लेयर में 68 .70 लाख रुपए ट्रांसफर हुए। पुलिस द्वारा 20 जुलाई 2024 से 14 दिसंबर 2025 तक की बैंक स्टेटमेंट जांच में खाते में कुल 1 .16 करोड़ रुपए के संदिग्ध लेन-देन का खुलासा हुआ, जिन्हें बाद में निकाल लिया गया।


### कार्रवाई के आंकड़े

बीते एक महीने में म्यूल हंटर के तहत की गई कार्रवाई में 478 संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ, 23 एफआईआर दर्ज, 97 आरोपी गिरफ्तार, 21 लाख रुपए की राशि फ्रीज/होल्ड, 3200 संदिग्ध बैंक खाते जांच के दायरे में।

### क्या बोले एसपी

निश्चय प्रसाद एम पुलिस अधीक्षक चूरू ने बताया कि जिले में ऑपरेशन म्यूल हंटर के तहत बड़े स्तर पर कार्रवाई जारी है। पुलिस की रडार पर आए 3200 संदिग्ध खातों की गहन जांच की जा रही है। मुख्य उद्देश्य इन खातों के पीछे सक्रिय वास्तविक मास्टरमाइंड तक पहुंचना और उनके खिलाफसख्त कानूनी कार्रवाई करना है। साइबर ठग अब सीधे लोगों को नहीं बल्कि युवाओं के बैंक खातों को अपना हथियार बना रहे हैं। कुछ हजार रुपए के लालच में खाता किराये पर देना गंभीर कानूनी मुसीबत का कारण बन सकता है। पुलिस लगातार ऐसे खातों और उनके संचालकों पर कार्रवाई कर रही है। इसलिए किसी भी अनजान व्यक्ति को अपना बैंक खाता, एटीएम, चेकबुक या दस्तावेज उपलब्ध कराने से बचना चाहिए।

### कोबरी-सार



# दुपहिया वाहन चुराने वाला दो शातिर वाहन चोर गिरफ्तार



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** मुरलीपुरा थाना पुलिस ने वाहन चोरों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए दुपहिया वाहन चुराने वाले दो शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की पांच मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। गिरफ्तार आरोपियों में एक आदतन अपराधी है, जिसके खिलाफ जयपुर के विभिन्न थानों में लूट, चोरी और नकबजनी के 21 मामले दर्ज हैं। फिलहाल आरोपितों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम प्रशांत किरण ने बताया कि मुरलीपुरा थाना पुलिस ने दुपहिया वाहन चुराने वाले दो शातिर वाहन चोर मोहम्मद इब्राहिम निवासी नाहरी का नाका शास्त्री नगर हाल भट्टा बस्ती और राधेश्याम उर्फ छोटू निवासी जिला रोहतास, बिहार तथा हाल मुरलीपुरा को दादी का फाटक स्थित आरओबी पुलिया के पास से गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ में आरोपियों ने उक्त मोटरसाइकिल चोरी करना स्वीकार कर लिया। पुलिस ने वाहन चोरों की निशानदेही पर पुलिस ने पांच चोरी की मोटरसाइकिल भी बरामद की। प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया कि दोनों आरोपी पहले अपनी मोटरसाइकिल से विभिन्न कॉलोनियों और गलियों में घूमकर रेकी करते थे। इसके बाद देर रात सुनसान स्थानों पर खड़े दोपहिया वाहनों को निशाना बनाकर चोरी की वारदात को अंजाम देते थे। पुलिस के अनुसार दोनों आरोपी नशे के आदी हैं और अपनी नशे की लत पूरी करने के लिए वाहन चोरी करते थे। आरोपियों ने मुरलीपुरा के अलावा चित्रकूट, सदर और खोरा बीसल थाना क्षेत्रों में भी वाहन चोरी की वारदातें करना स्वीकार किया है। थानाधिकारी विरेंद्र कुरील ने बताया कि आरोपित इब्राहीम के खिलाफभट्टा बस्ती, शास्त्री नगर, विद्याधर नगर, झोटवाड़ा, रामगंज, संजय सर्किल, बनी पार्क और गलता गेट थाना क्षेत्रों में लूट, चोरी और नकबजनी के 21 मामले दर्ज हैं। पुलिस आरोपियों से अन्य वाहन चोरी की वारदातों के संबंध में पूछताछ कर रही है। थानाधिकारी विरेंद्र कुरील ने बताया कि मुरलीपुरा थाने में दर्ज मोटरसाइकिल चोरी के एक मामले की जांच के दौरान पुलिस टीम ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। फुटेज और मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस ने दादी का फाटक स्थित आरओबी पुलिया के पास से दो संदिग्धों को चोरी की मोटरसाइकिल सहित हिरासत में लिया। इस कार्रवाई में सहायक उपनिरीक्षक बजरंगलाल, हैड कांस्टेबल राजेन्द्र प्रसाद तथा कांस्टेबल सन्नी, रोहिताश, पूरणमल, रविशंकर और महावीर सिंह शामिल रहे।

# सौम्य और घातक दोनों ब्रेन ट्यूमर हो सकते हैं खतरनाक : भारतीय

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** ब्रेन ट्यूमर चिकित्सा विज्ञान की सबसे जटिल और गंभीर बीमारियों में से एक है। समय पर पहचान और उपचार से न केवल मरीज के जीवन को बचाया जा सकता है बल्कि उसकी जीवन गुणवत्ता में भी सुधार किया जा सकता है। यह बात फोर्टिस एस्कॉर्ट्स हॉस्पिटल जयपुर के सीनियर डायरेक्टर एवं न्यूरोसर्जरी विभाग के प्रमुख डॉ हेमंत भारतीय ने कही। डॉ भारतीय ने बताया कि भारत में मस्तिष्क और केंद्रीय तंत्रिका तंत्र के ट्यूमर सभी कैंसर मामलों का लगभग 2 प्रतिशत हैं। ब्रेन ट्यूमर के मामलों में पांच वर्ष तक जीवित रहने की दर करीब 36 प्रतिशत है। ऐसे में समय पर पहचान और उपचार अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाता है। उन्होंने बताया कि शरीर के अन्य अंगों की तुलना में मस्तिष्क में होने वाले सौम्य और घातक ट्यूमर के बीच अंतर करना आसान नहीं होता क्योंकि दोनों ही प्रकार के ट्यूमर जानलेवा साबित हो सकते हैं। मस्तिष्क की महत्वपूर्ण संरचनाओं पर दबाव पड़ने से सामान्य कार्य प्रभावित होने लगते हैं। डॉ भारतीय के अनुसार सौम्य ब्रेन ट्यूमर धीरे-धीरे बढ़ते हैं और इनके शरीर के अन्य हिस्सों में फैलने की संभावना बहुत कम होती है।

हालांकि ये आसपास के मस्तिष्क ऊतकों पर दबाव बनाकर गंभीर समस्याएं पैदा कर सकते हैं। वहीं घातक ब्रेन ट्यूमर तेजी से बढ़ते हैं, आसपास के स्वस्थ मस्तिष्क ऊतकों में फैल सकते हैं और समय पर उपचार नहीं मिलने पर जानलेवा साबित हो सकते हैं। ऐसे ट्यूमर में सर्जरी के बाद दोबारा होने की संभावना भी अधिक रहती है। उन्होंने बताया कि ब्रेन ट्यूमर स्वस्थ ऊतकों को प्रभावित कर, मस्तिष्क में दबाव बढ़ाकर या मस्तिष्कीय तरल के सामान्य प्रवाह में बाधा उत्पन्न कर समस्याएं पैदा करते हैं। इसके प्रमुख लक्षणों में लगातार या तेज सिरदर्द, मिर्गी के दौरे, आंखों की रोशनी कम होना, सुनने में कमी, निगलने में परेशानी, सोचने, बोलने या समझने में कठिनाई, शरीर के किसी हिस्से में कमजोरी या लकवा तथा चलने में असंतुलन और चक्कर आना शामिल हैं। डॉ भारतीय ने बताया कि ब्रेन ट्यूमर की पहचान के लिए शारीरिक एवं न्यूरोलॉजिकल जांच के साथ ब्रेन एमआरआई सबसे प्रभावी जांच मानी जाती है।

इसके माध्यम से ट्यूमर की स्थिति और प्रकार का भी पता लगाया जा सकता है। यदि किसी कारणवश एमआरआई संभव नहीं हो तो सीटी स्कैन का सहारा लिया जाता है। उन्होंने लोगों से अपील की कि लगातार होने वाले सिरदर्द, उल्टी, नए प्रकार के दौरे, अचानक कमजोरी, दृष्टि में बदलाव या बोलने में कठिनाई जैसे लक्षणों को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। यदि परिवार में ब्रेन ट्यूमर का इतिहास रहा हो तो जेनेटिक काउंसलिंग कराने और नियमित स्वास्थ्य जांच करवाने की सलाह भी दी। डॉ भारतीय ने कहा कि ब्रेन ट्यूमर की समय पर पहचान से उपचार की सफलता की संभावना बढ़ जाती है और जटिलताओं को काफी हद तक कम किया जा सकता है।

# एसएस मोदी में सीएस परीक्षा का सफल समापन

सुरेन्द्र शर्मा

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** शहर के गौरव पथ पर स्थित एसएस मोदी विद्या विहार में आईसीएसआई, नोएडा द्वारा आयोजित देश की प्रतिष्ठित सीएस एग्जीक्यूटिव एंट्रेंस टेस्ट, एग्जीक्यूटिव और प्रोफेशनल परीक्षा जून-2026 का सफल समापन रविवार को हुआ। यह परीक्षा सोमवार 1 जून से प्रारंभ हुई थी। सीएस परीक्षा प्रभारी नवल किशोर शर्मा ने शुभकामनाएँ देते हुए बताया कि सीएस परीक्षा दो पारियों में सुबह 9 बजे से 12:15 बजे और सायं 2:30 बजे से 05:45 बजे तक 456 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। सभी परीक्षार्थियों को सफलता के लिए सीएस शालु टीबड़ा ने अग्रिम बधाईयां दी। मुम्बई प्रवासी ट्रस्टी शशिकांत मोदी, गीलूराम मोदी, सौरभ मोदी, प्रियंक मोदी, कनिका मोदी, विद्यालय समन्वयक सीए मनीष अग्रवाल, अकादमिक निदेशक रॉय सी पॉल व प्राचार्य विजय मसीह ने परीक्षार्थियों को शुभकामनाएं प्रेषित की।

# रामजस हॉस्पिटल का हुआ उद्घाटन

## परकोटा क्षेत्र को मिला 100 बेड का आधुनिक अस्पताल

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** जयपुर परकोटा और ब्रह्मपुरी क्षेत्र के निवासियों को अब अत्याधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएं स्थानीय स्तर पर ही उपलब्ध होंगी। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने रविवार को गोविंद नगर वेस्ट स्थित संतोष सागर कॉलोनी में स्थापित रामजस हॉस्पिटल का भव्य उद्घाटन किया। 100 बेड क्षमता वाला यह मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल हेरिटेज वॉल सिटी क्षेत्र का जेडीए स्वीकृत प्रमुख निजी अस्पताल है, जो करीब नौ लाख आबादी को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराएगा। इस उद्घाटन समारोह में हवामहल विधायक बालमुकुंद आचार्य विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, चिकित्सकों, समाजसेवियों और बड़ी संख्या में क्षेत्रवासियों ने भाग लिया। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण, सुलभ और किफायती स्वास्थ्य सेवाएं प्रत्येक नागरिक का अधिकार हैं। उन्होंने कहा कि घनी आबादी वाले परकोटा और ब्रह्मपुरी क्षेत्र में इस तरह के आधुनिक अस्पताल की स्थापना से लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं मिल सकेगी और गंभीर बीमारियों के उपचार के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। वहीं विधायक बालमुकुन्द आचार्य ने कहा कि रामजस हॉस्पिटल लंबे समय से क्षेत्र में विश्वसनीय स्वास्थ्य सेवाएं दे रहा है। अब 100 बेड के आधुनिक स्वरूप में यह अस्पताल स्थानीय स्वास्थ्य सेवाओं को नई दिशा देगा। वहीं अस्पताल के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक डॉ रतन विश्नोई ने बताया कि अस्पताल को एनएबीएच के छठे संस्करण की गाइडलाइन के अनुरूप विकसित किया गया है। अस्पताल में कैशलेस इंश्योरेंस सुविधा भी उपलब्ध है। करीब 1400 वर्गगज क्षेत्र में बने चार मंजिला भवन में अलग पेशेंट लिफ्ट, सेंट्रलाइज्ड ऑक्सीजन मैनिफोल्ड, वैक्यूम एवं एयर सिस्टम, एसटीपी प्लांट तथा सरकारी मानकों के अनुरूप फायर फाइटिंग सिस्टम स्थापित किया गया है। विश्नोई ने बताया कि इस अस्पताल में ऑर्थोपेडिक्स एवं जॉइंट रिप्लेसमेंट, जनरल एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल मेडिसिन, एंडोक्रिनोलॉजी, स्त्री एवं प्रसूति रोग, बाल रोग, नियोनेटोलॉजी, गैस्ट्रोएंटरोलॉजी, यूरोलॉजी, नॉन-इनवेसिव कार्डियोलॉजी, न्यूरो फिजिशियन, न्यूरो एवं स्पाइन सर्जरी, ईएनटी, डेंटल, नेत्र रोग, त्वचा रोग, रेडियोलॉजी, पैथोलॉजी, एनेस्थीसिया तथा फिजियोथेरेपी एवं रिहैबिलिटेशन सहित 19 से अधिक चिकित्सा विभाग संचालित होंगे।

अस्पताल में 5 बेड का अत्याधुनिक ट्राइएज और समर्पित इमरजेंसी ऑपरेशन थिएटर बनाया गया है। गंभीर मरीजों के लिए 22 बेड का आईसीयू एवं एचडीयूए दो मैक्केट सर्वो प्लस वेंटिलेटर तथा नवजात शिशुओं के लिए चार बेड का एनआईसीयू स्थापित किया गया है। संक्रमण-मुक्त वातावरण में जटिल सर्जरी के लिए तीन मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर तैयार किए गए हैं।

अस्पताल में स्ट्राइकर 1588 लैप्रोस्कोप सिस्टम, एलेन्जर्स एचएफ-30 सी-आर्म मशीन, जीई वर्साना-5 अल्ट्रासाउंड मशीन, आधुनिक एनेस्थीसिया वर्कस्टेशन तथा हाई-एंड पैथोलॉजी लैब जैसी उन्नत चिकित्सा मशीनें भी लगाई गई हैं। अस्पताल में एयर-कूल्ड जनरल वार्ड, सेमी डीलक्स और डीलक्स कक्षों की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा टीईएनएसए एसडब्ल्यूडी और आईएफटी मशीनों से सुसज्जित आधुनिक फिजियोथेरेपी यूनिट भी शुरू की गई है। विश्नोई ने बताया कि उद्घाटन अवसर पर विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया, जिसमें लोगों को चिकित्सकीय परामर्श, ईसीजी और ब्लड शुगर जांच की सुविधा दी गई। साथ ही रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में युवाओं और सामाजिक संगठनों ने भाग लेकर रक्तदान किया। समारोह के अंत में डॉ रतन विश्नोई ने उपमुख्यमंत्री, विधायक, अतिथियों, रक्तदाताओं और अस्पताल की मेडिकल एवं नर्सिंग टीम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अस्पताल नैतिक चिकित्सा पद्धतियों, किफायती उपचार और मरीजों की संतुष्टि के लिए प्रतिबद्ध रहेगा।

# गुरुकुल संचालक चारण के जन्मदिन पर की गौसेवा व फल का वितरण



निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** सुभाष गुरुकुल स्कूल व कोचिंग तारानगर के संचालक डॉक्टर सुभाष चारण के जन्मदिन पर युवाओं की ओर से विभिन्न सामाजिक सरोकार के कार्य कर चारण के स्वस्थ, दीर्घायु व उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। चारण के जन्मदिन पर युवाओं, कार्यकर्ताओं व लोगों ने बेसहारा गौमाता को जगह-जगह हरा चारा खिलाकर गोसेवा की वहीं झुग्गी पट्टी में फल का वितरण किया। इसके अलावा जरूरतमंद लोगों के लिए टैंकरों से पेयजल की व्यवस्था के साथ पशुओं के लिए खेलो में पानी भी डाला गया। इस अवसर पर समाजसेवी अमरसिंह चारण, मदन चारण दांतली, गजानंद प्रजापत ढाणी बाबरिया, आजाद छिपा, कैलाश, मुकेश फगेड़िया, सुनील, अनिल, रमेश, सुमित, अंकित आदि अनेक युवा तथा कार्यकर्ता मौजूद थे।

# स्वच्छता एवं जनजागरण अभियान आयोजित



निसं

**नोखा ( नवयत्न )।** टीम ऑवर फॉर नेशन द्वारा रविवार सुबह अमृतम् जलम् अभियान के सहयोग से भादाणी तालाब, गोपेश्वर बस्ती रोड पर स्वच्छता एवं जनजागरण अभियान आयोजित किया गया। मानसून आगमन से पूर्व जल स्रोतों के संरक्षण और वर्षा जल के निर्बाध प्रवाह को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आयोजित यह अभियान विशेष रूप से महत्वपूर्ण रहा। उल्लेखनीय है कि टीम ऑवर फॉर नेशन लगातार तीसरे वर्ष इसी मौसम में भादाणी तालाब क्षेत्र में नियमित स्वच्छता अभियान चला रही है। टीम का मानना है कि केवल सफाई ही नहीं बल्कि जलाशयों के प्रति नागरिकों में जिम्मेदारी और स्वामित्व की भावना विकसित करना भी उतना ही आवश्यक है। अभियान की विशेषता यह रही कि विभिन्न सामाजिक संगठनों एवं जागरूक नागरिकों ने अपने-अपने सामाजिक उद्देश्यों के साथ इसमें सहभागिता निभाई। कुछ संगठनों ने नशा मुक्ति का संदेश दिया तो कुछ ने प्रत्येक मंगलवार को सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ के माध्यम से सामाजिक एवं सांस्कृतिक जागरण का आह्वान किया। इस प्रकार स्वच्छता अभियान सामाजिक समरसता और जनजागरण का एक व्यापक मंच बन गया। अभियान में समाजसेवी आदर्श शर्मा, विनोद जोशी तथा टीम वंदे मातरम् के कार्यकर्ताओं सहित अनेक जागरूक नागरिकों ने श्रमदान कर स्वच्छता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। उपस्थित सभी लोगों ने यह संदेश दिया कि समाज की समस्याओं के समाधान के लिए केवल अपेक्षा नहीं बल्कि स्वयं आगे बढ़कर सहयोग करना आवश्यक है।

अभियान में सीए सुधीश शर्मा, डॉ ब्रजेन्द्र त्रिपाठी, सीए वसीम, रमेश उपाध्याय, अरुण चम, सुरभि शर्मा, किशोर भाटिया, चंद्रकला उपाध्याय, रामहंस मीणा, पुरुषोत्तम शर्मा, मानक व्यास, गजेंद्र सरीन, भवानी सिंह राजपुरोहित एवं देवकिशन तंवर सहित अनेक स्वयंसेवकों ने श्रमदान किया। अंत में टीम के सदस्यों ने सभी नागरिकों से आह्वान किया कि वे अपने सप्ताह का कुछ समय समाज और राष्ट्रहित के कार्यों के लिए समर्पित करें क्योंकि स्वच्छ, स्वस्थ और जागरूक समाज का निर्माण जनसहभागिता से ही संभव है।

# मेडिकेयर रिलीफ सोसाइटी में 45 लाख का फंड

## निःशुल्क दवा केंद्र में दवा लाने के लिए चूरू भेजी जाती है पिकअप



निसं

**राजलदेसर ( नवयत्न )।** कस्बे के राजकीय चिकित्सालय में मेडिकेयर रिलीफ सोसायटी में करीब 40 लाख रुपए का फंड है लेकिन 20 रुपए का बल्ब ही नहीं खरीद सकते। वर्तमान में चिकित्सालय में निःशुल्क दवा केंद्र में दवा लाने के लिए चूरू पिकअप भेजी जाती है लेकिन 7 हजार रुपए किराया नहीं होने के कारण मेडिसिन नहीं लाई जा रही है जिससे मरीजों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसके अलावा लेबोरेट्री में केमिकल भी खत्म होने वाला है उसके लिए भी खरीदारी नहीं की जाती। इसके लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को अनेक बार अवगत करवा चुके हैं। साथ ही अनेक बार ब्लॉक स्तर के अधिकारी भी यहां पर आ चुके हैं उनको भी अच्छी तरह से मालूम है लेकिन सब कुछ ध्यान में होते हुए इस महत्वपूर्ण समस्या की ओर किसी का ध्यान आकर्षित नहीं हो रहा है साथ ही चिकित्सा परिसर में रिपेयरिंग का कार्य भी मांगने लगा है। लगातार मानसून के दौरान चिकित्सा परिसर में पीछे दीवार बनी हुई है उस दीवार के टूटने से गैनाणी का पानी चिकित्सा परिसर में आ जाता है जिससे लगातार 3 वर्षों से लाखों रुपए का सरकार को नुकसान भी हो चुका है। इस नुकसान का जायजा लेने के लिए अधिकारी भी एवं राजनेता भी मौका मुआयना कर चुके हैं लेकिन किसी तरह का कोई समाधान नहीं हुआ समय रहते हुए मानसून से पूर्व अगर दीवार बन जाती है तो चिकित्सा परिसर में नुकसान नहीं होगा। साथ ही सुनने में आ रहा है लंबे समय से चिकित्सा परिसर में मेडिकेयर रिलीफ सोसायटी बैठक तक नहीं हुई।

# फर्जी एफएमजीई सर्टिफिकेट से पंजीयन कराने वाले तीन डॉक्टर गिरफ्तार

निसं




**जयपुर ( नवयत्न )।** विदेश से एमबीबीएस करने के बाद भारत में चिकित्सकीय पंजीयन के लिए आवश्यक एफएमजीई स्क्रीनिंग परीक्षा के फर्जी प्रमाण-पत्र बनवाकर राजस्थान मेडिकल काउंसिल में पंजीयन कराने के मामले में स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप ने तीन डॉक्टरों को गिरफ्तार किया है। इस मामले में अब तक 100 से अधिक संदिग्ध विदेशी मेडिकल स्नातकों की पहचान की जा चुकी है। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस विशाल बंसल ने बताया कि विदेश से एमबीबीएस करने के बाद भारत में चिकित्सकीय पंजीयन के लिए आवश्यक एफएमजीई स्क्रीनिंग परीक्षा के फर्जी प्रमाण-पत्र बनवाकर राजस्थान मेडिकल काउंसिल में पंजीयन कराने के मामले में एसओजी ने दीपक यादव निवासी चौमूं जयपुर, राजू गुर्जर निवासी रामबाग डीग-भरतपुर और नरेश गुर्जर निवासी कठूमर जिला अलवर को गिरफ्तार किया है। एसओजी की जांच में सामने आया कि दीपक यादव ने कजाकिस्तान से एमबीबीएस करने के बाद कई बार एफएमजीई परीक्षा दी लेकिन सफल नहीं हुआ। इसके बाद उसने मुख्य आरोपी भानाराम माली के नेटवर्क के जरिए करीब 24 लाख रुपये देकर फर्जी प्रमाण-पत्र बनवाया और उसके आधार पर राजकीय मेडिकल कॉलेज दौसा में इंटर्नशिप की। इसी प्रकार राजू गुर्जर ने भी कजाकिस्तान से एमबीबीएस करने के बाद एफएमजीई परीक्षा में सफलता नहीं मिलने पर 27 लाख रुपये देकर फर्जी प्रमाण-पत्र तैयार कराया तथा राजकीय मेडिकल कॉलेज हनुमानगढ़ में इंटर्नशिप की। वहीं नरेश गुर्जर ने 23 लाख रुपये देकर फर्जी एफएमजीई सर्टिफिकेट बनवाया और राजकीय मेडिकल कॉलेज अलवर में इंटर्नशिप की। जांच में यह भी सामने आया कि नरेश ने अन्य कई लोगों के लिए भी फर्जी एफएमजीई प्रमाण-पत्र बनवाने में भूमिका निभाई। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस एसओजी विशाल बंसल ने बताया कि पुलिस थाना एसओजी जयपुर में 4 फरवरी 2026 को दर्ज प्रकरण की जांच की जा रही है। जहां जांच में सामने आया कि विदेश से एमबीबीएस करने वाले कुछ अभ्यर्थियों ने भारत में प्रैक्टिस के लिए अनिवार्य एफएमजीई परीक्षा पास नहीं की थी लेकिन उन्होंने कूटरचित प्रमाण-पत्र बनवाकर राजस्थान मेडिकल काउंसिल में पंजीयन करा लिया। जांच के दौरान यह भी सामने आया कि मुख्य आरोपी भानाराम माली के माध्यम से फर्जी एफएमजीई सर्टिफिकेट तैयार कराए गए। इन प्रमाण-पत्रों के आधार पर कई विदेशी मेडिकल स्नातकों ने राजस्थान के विभिन्न मेडिकल कॉलेजों में इंटर्नशिप की तथा राजस्थान मेडिकल काउंसिल में अस्थायी पंजीयन भी प्राप्त कर लिया। इस पूरे प्रकरण में मेडिकल काउंसिल के कुछ कर्मचारियों और अधिकारियों की मिलीभगत भी सामने आई है। वही अब तक 100 से अधिक ऐसे व्यक्तियों को चिन्हित किया गया है, जिन्होंने फर्जी एफएमजीई प्रमाण-पत्र बनवाए थे। उप महानिरीक्षक पुलिस एसओजी भुवन भूषण यादव ने बताया कि इस मामले में पूर्व में फर्जी प्रमाण-पत्रों के आधार पर इंटर्नशिप और पंजीयन कराने वाले 17 डॉक्टरों, राजस्थान मेडिकल काउंसिल के तत्कालीन रजिस्ट्रार डॉ राजेश शर्मा, यूडीसी अखिलेश माथुर, एलडीसी फरहान हसन, मुख्य आरोपी भानाराम माली तथा एक दलाल को गिरफ्तार किया जा चुका है। जांच में सामने आया है कि भानाराम माली प्रत्येक व्यक्ति से फर्जी प्रमाण-पत्र और मेडिकल काउंसिल में पंजीयन कराने के एवज में 20 से 30 लाख रुपये तक वसूलता था। एसओजी अधिकारियों के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ जारी है और पूरे नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की भूमिका की भी जांच की जा रही है।

# दुपहिया वाहनों को हेलमेट लगाने की अपील



निसं

**मुकुंदगढ़ ( नवयत्न )।** सड़क सुरक्षा सप्ताह अभियान के तहत मुकुंदगढ़ पुलिस ने दुपहिया वाहनों को हेलमेट लगाने की अपील की। थानाधिकारी ताराचंद यादव के नेतृत्व में अभियान में दुपहिया वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा के नियमों की जानकारी देते हुए वाहन चलाते समय हेलमेट लगाने की अपील की गई। भामाशाहों के सहयोग से जिन दुपहिया वाहन चालकों ने हेलमेट नहीं पहन रखा था उनको हेलमेट वितरण किये गए। इस मौके पर पुलिस स्टॉफ सदस्य मौजूद रहे।

# विश्व साइकिल दिवस पर दिया स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण का संदेश

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के कुलपति प्रो. संजीव शर्मा ने स्वास्थ्य संवर्धन, पर्यावरण संरक्षण और सतत जीवनशैली का संदेश देते हुए अपने आवास से संस्थान परिसर तक करीब 20 किलोमीटर की दूरी साइकिल से तय की। इस अवसर पर प्रो. शर्मा ने कहा कि साइकिल केवल आवागमन का साधन नहीं है बल्कि स्वस्थ जीवन, स्वच्छ पर्यावरण और ऊर्जा संरक्षण का प्रभावी माध्यम भी है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में बढ़ते प्रदूषण, जीवनशैली जनित बीमारियों और पर्यावरणीय चुनौतियों के बीच साइकिल का नियमित उपयोग एक सरल एवं कारगर समाधान साबित हो सकता है। उन्होंने कहा कि साइकिल चलाने से कार्बन उत्सर्जन में कमी आती है, जिससे पर्यावरण संरक्षण को बल मिलता है। साथ ही यह शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में भी सहायक है। उन्होंने युवाओं सहित सभी नागरिकों से दैनिक जीवन में साइकिल के उपयोग को बढ़ावा देने का आह्वान किया। प्रो. शर्मा ने कहा कि आयुर्वेद संतुलित दिनचर्या, नियमित व्यायाम और प्रकृति के साथ सामंजस्यपूर्ण जीवनशैली पर बल देता है तथा साइकिल चलाना इन सिद्धांतों के अनुरूप है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ समाज और स्वच्छ पर्यावरण के निर्माण में प्रत्येक व्यक्ति की भागीदारी आवश्यक है। कार्यक्रम में संस्थान की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के प्रभारी डॉ मेहंद प्रजापति, डॉ राजेन्द्र शर्मा सहित संस्थान के चिकित्सकों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी ने साइकिल चलाकर स्वास्थ्य जागरूकता और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

# देर रात बस रोककर की तोड़फोड़, 22 हजार लेकर फरार

निसं




**राजलदेसर ( नवयत्न )।** कस्बे के परसनेऊ फाटा के पास शुक्रवार देर रात एक निजी यात्री बस को जबरन रुकवाकर उसमें तोड़फोड़ करने और कंडक्टर से नकदी छीनकर फरार होने का मामला सामने आया है।

घटना के बाद बस कर्मचारियों और यात्रियों में दहशत का माहौल व्याप्त हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार बीकानेर निवासी अमरसिंह पुत्र ओमसिंह राजपूत ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है कि उनकी बस नियमित रूप से जयपुर-बीकानेर मार्ग पर संचालित होती है। शुक्रवार रात करीब 2:50 बजे बस परसनेऊ फाटा के पास पहुंची ही थी कि बोलेरो कैंपर में सवार 5-6 लोगों ने बस के आगे अपना वाहन लगाकर उसे रुकवा लिया। एएसआई रोशनलाल ने बताया कि आरोपी बस में घुस गए और स्टाफ के साथ अभद्रता करते हुए बस में जमकर तोड़फोड़ की। इस दौरान आरोपियों ने कंडक्टर की जेब में रखे करीब 22 हजार रुपए निकाल लिए तथा मौके से फरार हो गए। अचानक हुई इस घटना से बस में सवार यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई और कुछ समय के लिए माहौल तनावपूर्ण हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस हरकत में आई और मौके से साक्ष्य जुटाने के साथ जांच शुरू कर दी। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगालने के साथ तकनीकी साक्ष्य भी जुटा रही है। मामले की जांच कर रहे एएसआई रोशनलाल ने बताया कि रिपोर्ट के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है तथा आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए विभिन्न पहलुओं पर गहनता से जांच की जा रही है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा। वहीं इस घटना के बाद रात्रिकालीन बस संचालन से जुड़े कर्मचारियों और यात्रियों में सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है।

# एयू जयपुर साइक्लोथॉन में उमड़ा उत्साह

## हजारों लोगों ने दिया फिटनेस और ग्रीन मोबिलिटी का संदेश

निसं



**जयपुर (नवयत्न)।** फिटनेस, पर्यावरण संरक्षण और सतत परिवहन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित एयू जयपुर साइक्लोथॉन-2026 में रविवार को हजारों साइक्लिस्ट, फिटनेस प्रेमी, विद्यार्थी, कॉर्पोरेट प्रोफेशनल्स और नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह आयोजन जयपुर की सबसे बड़ी साइक्लिंग पहलों में शामिल रहा जिसने स्वस्थ जीवनशैली और सामुदायिक सहभागिता का संदेश दिया। इसके साथ ही सप्ताहभर चले जागरूकता अभियान का भी समापन हुआ। संस्कृति युवा संस्था, जयपुर रनर्स क्लब एवं इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ इवेंट मैनेजमेंट एंड रिसर्च की ओर से एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक और इटरनल हॉस्पिटल के सहयोग से आयोजित साइक्लोथॉन में विभिन्न आयु वर्ग के लोगों ने भागीदारी निभाई। कार्यक्रम का आयोजन महावीर पब्लिक स्कूल सी-स्कीम, एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक मानसरोवर, वैशाली नगर, मालवीय नगर और विद्याधर नगर सहित शहर के विभिन्न केंद्रों से किया गया। इस कार्यक्रम को आयकर आयुक्त शैलेन्द्र शर्मा, आरपीएफ की आईजी ज्योति सतीजा, एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक के हेड ऑफ स्वदेश बैंकिंग मास्टर जी सुल्तान राम, इटरनल हॉस्पिटल के चेयरमैन एवं इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट डॉ संजीव शर्मा, एनएवी इंडिया के वाइस प्रेसिडेंट फाइनेंस समीर गांधी, जयपुर रनर्स क्लब के अध्यक्ष प्रवीण तिजारिया, सह-संस्थापक रवि गोयनका, सिटीवाइब्स के चेयरमैन राजेश अग्रवाल, इवेंट कमेटी चेयरमैन सुधीर जैन, इवेंट डायरेक्टर कैप्टन शशि किरण तथा आईआईईएमआर के प्रबंध निदेशक मुकेश मिश्रा सहित अन्य अतिथियों ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। आयकर आयुक्त शैलेन्द्र शर्मा ने कहा कि साइक्लोथॉन को मिली व्यापक भागीदारी नागरिकों में स्वस्थ जीवनशैली और सतत विकास के प्रति बढ़ती जागरूकता को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि साइक्लिंग प्रदूषण कम करने, जनस्वास्थ्य सुधारने और हरित शहरों के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। वहीं आरपीएफ की आईजी ज्योति सतीजा ने कहा कि यह आयोजन फिटनेस, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक जिम्मेदारी को जोड़ने वाला जनआंदोलन बन चुका है। आईआईईएमआर के प्रबंध निदेशक मुकेश मिश्रा ने बताया कि सप्ताहभर चले अभियान के तहत विश्व साइकिल दिवस पर सस्टेनेबल मोबिलिटी विषयक टॉक शो, विश्व पर्यावरण दिवस पर मेगा पौधरोपण अभियान, बीआईबी एक्सपो और साइक्लिंग अवॉर्ड्स समारोह जैसे कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन गतिविधियों का समापन भव्य साइक्लोथॉन के साथ हुआ। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों ने स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, साइक्लिंग संस्कृति को बढ़ावा देने, पर्यावरण संरक्षण का समर्थन करने तथा सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने का संकल्प लिया। आयोजकों ने बताया कि अभियान में शैक्षणिक संस्थानों, कॉर्पोरेट संगठनों, साइक्लिंग समूहों, रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशनों और विभिन्न सामाजिक संगठनों की सक्रिय भागीदारी रही, जिससे यह क्षेत्र के सबसे प्रभावशाली साइक्लिंग अभियानों में से एक बन गया। आयोजकों ने एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक, इटरनल हॉस्पिटल, एनएवी इंडिया, सिटीवाइब्स, सहयोगी संस्थाओं, स्वयंसेवकों और प्रतिभागियों का आयोजन को सफल बनाने में सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

# श्याम बिहारी मंदिर में श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ



निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** अधिकमास के पावन अवसर पर छोटी काशी में धार्मिक आयोजनों की श्रृंखला के बीच दीनानाथजी का रास्ता स्थित श्री श्याम बिहारी मंदिर में रविवार से श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ हुआ। कथा के प्रथम दिन नाहरगढ़ रोड स्थित जय गणेश मंदिर से भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कलश यात्रा से पूर्व ज्योतिषाचार्य एवं कथा व्यास पंडित अनूप जोशी के सानिध्य में मुख्य यजमान और श्रद्धालुओं द्वारा विधि-विधान से पोथी पूजन किया गया। इसके बाद गाजे-बाजे, भजन-कीर्तन और ठाकुरजी के जयकारों के साथ यात्रा रवाना हुई। लाल चुनरी धारण किए महिलाओं ने सिर पर कलश रखकर मंगल गीत गाते हुए यात्रा में भाग लिया। श्रद्धालु नाचते-गाते कथा स्थल पहुंचे, जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण से सराबोर हो गया। कथा स्थल पर विद्वान पंडितों एवं मुख्य यजमान ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच व्यास पीठ का पूजन-अर्चन किया तथा महाआरती उतारी गई। इसके बाद कथा व्यास पंडित अनूप जोशी ने श्रीमद्भागवत महात्म्य का वर्णन करते हुए शुकदेवजी के दिव्य प्रसंग सुनाए। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण मानव जीवन के कल्याण का मार्ग प्रशस्त करता है तथा अधिकमास में इसका महत्व और भी बढ़ जाता है। मंदिर प्रशासन के अनुसार संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित की जाएगी। कथा के दौरान 11 जून को श्रीकृष्ण जन्मोत्सव एवं गोवर्धन पूजन का भव्य आयोजन होगा जबकि 14 जून को पूर्णाहुति, महायज्ञ, हवन और विशाल भंडारे के साथ कथा का विश्राम किया जाएगा। आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा जा रहा है।

# चतुर्भुज मंदिर में श्रीमद् भागवत कथा का शुभारम्भ



निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** पुरुषोत्तम मास के पावन अवसर पर छोटी काशी में धार्मिक आयोजनों की श्रृंखला के तहत छोटी चौपड़ स्थित श्री गलताजी पीठ के अधीन प्राचीन श्री चतुर्भुजजी मंदिर में रविवार से श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का भव्य शुभारंभ हुआ। कथा के प्रथम दिन चौड़ा रास्ता स्थित ताड़केश्वर महादेव मंदिर से संत-महंतों के सानिध्य में कलश एवं पोथी पूजन कर भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में 151 महिलाओं ने सिर पर कलश एवं मंगल घट धारण कर भाग लिया। भजन-कीर्तन और जयकारों के बीच निकली यात्रा ताड़केश्वर महादेव मंदिर से विभिन्न मार्गों से होती हुई श्री चतुर्भुज मंदिर पहुंची। यात्रा मार्ग में श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया, जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण से सराबोर हो गया। कथा के प्रथम दिन व्यास पीठ से वेदाचार्य एवं प्रसिद्ध कथावाचक डॉ प्रशांत शर्मा ने श्रीमद्भागवत और पुरुषोत्तम मास के महात्म्य का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि अधिकमास में भगवान श्रीकृष्ण की आराधना और श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण अनंत गुना पुण्यदायी होता है। कथा के दौरान जयपुर के अनेक संत-महंतों ने भी उपस्थित होकर भक्तों को आशीर्वाद प्रदान किया। आयोजन समिति ने संतों का स्वागत एवं अभिनंदन किया। मंदिर प्रशासन के अनुसार कथा के दौरान प्रतिदिन विभिन्न धार्मिक उत्सवों एवं झांकियों का आयोजन किया जाएगा। 10 जून को भगवान श्रीकृष्ण का नंदोत्सव, 11 जून को ठाकुरजी के समक्ष छप्पन भोग की भव्य झांकी तथा 15 जून को 108 पार्थिव शिवलिंगों का विशेष पूजन एवं रुद्राभिषेक किया जाएगा। इसी दिन महायज्ञ, हवन, संत एवं ब्राह्मण सम्मान समारोह के साथ कथा का विधिवत विश्राम होगा। आयोजन समिति के अनुसार कथा के दौरान प्रतिदिन जयपुर एवं प्रदेश के प्रतिष्ठित संत-महंतों का सानिध्य श्रद्धालुओं को प्राप्त होगा, जिससे आयोजन की धार्मिक गरिमा और बढ़ेगी।

# सीआईएसएफ जवान के सम्मान में निकाली तिरंगा यात्रा



श्रवण सारस्वत

**रींगस (नवयत्न)।** उपखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत चौमूं पुरोहितान के गांव भवानीपुरा के युवा सैनिक संतोष वर्मा की पार्थिव देव रींगस थाने से पूरे सैन्य सम्मान के साथ तिरंगा रैली के रूप में रवाना हुई। सैकड़ों युवा भारत माता और संतोष वर्मा के सम्मान में जयकारे लगाते चल रहे थे। भवानीपुरा के संतोष वर्मा का हाल ही में सीआईएसएफ ने कांस्टेबल पर चयन हुआ था और वह छत्तीसगढ़ में तैनात थे जहां कल दौड़ते समय उनकी तबीयत खराब हुई उन्हें अस्पताल ले गया लेकिन वहां उनकी मौत हो गई। देर शाम आई सूचना के बाद से ही भवानीपुरा में शोक का वातावरण बना हुआ है रविवार अल सुबह से ही रींगस थाने में संतोष वर्मा के सम्मान में लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। विधायक सुभाष मील और पूर्व विधायक महादेव सिंह खंडेला व सीआईएसएफके जवानों ने पुष्प चक्र अर्पित किए और रींगस से तिरंगा रैली के रूप में रवाना किया। दोपहर 12 बजे बाद में उनके पैतृक गांव में अंतिम संस्कार किया गया। संतोष वर्मा चार भाइयों में सबसे छोटे भाई थे और अभी उनकी शादी भी नहीं हुई थी परिवार में बड़े तीन भाई और थे जो मजदूरी का काम करते हैं नौकरी लगने से खुशियां थी लेकिन अचानक मौत से पूरा परिवार सदमे में है। इस दौरान खंडेला विधायक सुभाष मील, पूर्व विधायक बंशीधर बाजिया, उपखंड अधिकारी बृजेश कुमार, पूर्व केंद्रीय मंत्री महादेव सिंह, रिछपाल बाजिया सहित सैकड़ों जन प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# उप जिला अस्पताल में नवीन आभा रजिस्ट्रेशन काउंटर का शुभारंभ

निसं



**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** स्थानीय राजकीय बगड़िया उप जिला अस्पताल में समाजसेवी वरिष्ठ चिकित्सक डॉ चैनरूप सेठिया एवं डॉ मधु जैन द्वारा आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (आभा) के नवीन रजिस्ट्रेशन काउंटर का शुभारंभ किया गया। पीएमओ डॉ पुरूषोतम करवा ने बताया कि आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के अंतर्गत देश की डिजिटल स्वास्थ्य व्यवस्था की आधारशिला है।

इसके माध्यम से मरीजों का स्वास्थ्य रिकॉर्ड सुरक्षित एवं डिजिटल रूप से उपलब्ध रहेगा, जिससे देशभर के स्वास्थ्य संस्थानों में उपचार के दौरान मरीजों को बेहतर एवं त्वरित स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिल सकेगा। उन्होंने बताया कि नवीन आभा रजिस्ट्रेशन काउंटर के माध्यम से मरीजों को आभा आईडी निर्माण, स्वास्थ्य रिकॉर्ड लिंकिंग, डिजिटल ओपीडी सेवाएं एवं अन्य डिजिटल स्वास्थ्य सुविधाओं से संबंधित सहायता एक ही स्थान पर उपलब्ध होगी। इससे मरीजों का समय बचेगा तथा स्वास्थ्य सेवाएं अधिक पारदर्शी, प्रभावी एवं सुविधाजनक बनेगी। इस अवसर पर डॉ एसएन बजाज, डॉ एसएन जांगिड़, डॉ दिलीप सोनी, डॉ नरेन्द्र सिंह राठौड़, डॉ कमल धानिया, डॉ रविकांत सोनी, डॉ श्यामलाल माहिच, डॉ योगिता सक्सेना, डॉ ममता रेप्सवाल, डॉ नेहा माली, नर्सिंग अधीक्षक अन्नाराम गोदारा, बजरंगलाल वर्मा, हरिकृष्ण बिस्सु, कमलेश मंडावरिया, नरेश सोनी, राम प्रताप बागड़ा, कृष्णकांत घारू, कंचन रैगर, सुशील सिंह, महेश स्वामी, बनवारीलाल सहित अनेक चिकित्सक, अधिकारी, कर्मचारी, नागरिक उपस्थित रहे। आभा रजिस्ट्रेशन काउंटर की स्थापना हेतु सहयोग प्रदान करने वाले डॉ चैन रूप सेठिया एवं डॉ मधु जैन का आभार व्यक्त करते हुए अस्पताल प्रशासन ने कहा कि उनके सहयोग से चिकित्सालय में डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण सहायता प्राप्त हुई है।

इसके बाद सभी अतिथियों ने चिकित्सालय में संचालित विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं, वार्डों एवं मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का अवलोकन किया तथा अस्पताल प्रशासन द्वारा आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के प्रयासों की सराहना की।

# तेज आंधी बनी आफत : सोलर प्लांट उखड़ा, किसान को हुआ भारी नुकसान



अबूबकर बल्खी

**लाडनूं (नवयत्न)।** क्षेत्र में शनिवार रात्रि को चली तेज तूफानी हवाओं और मौसम के अचानक बदले मिजाज का असर शहरी क्षेत्रों के साथ-साथ ग्रामीण इलाकों में भी देखने को मिला। कई स्थानों पर पेड़-पौधे क्षतिग्रस्त हुए, वहीं बरड़वा गांव के एक किसान को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा। जानकारी के अनुसार बरड़वा निवासी राम सिंह पुत्र जगनाथ सिंह के खेत में लगा सोलर पैनल प्लांट तेज हवाओं और बारिश के कारण धराशायी हो गया। किसान ने बताया कि उन्होंने करीब छह माह पूर्व दिसंबर में सोलर पैनल स्थापित करवाया था लेकिन शनिवार को आए तूफान के दौरान उसका पूरा प्लेट सिस्टम उखड़कर गिर गया जिससे उन्हें आर्थिक क्षति हुई है। ग्रामीणों के अनुसार क्षेत्र में चली तेज आंधी और बारिश ने कई जगह जनजीवन को प्रभावित किया है। किसानों ने प्रशासन से खेतों में हुए नुकसान का सर्वे करवाकर प्रभावित किसानों को उचित सहायता दिलाने की मांग की है।

# ग्रीष्मकालीन बाल अभिरुचि शिविर का शुभारम्भ



निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** पिंकसिटी प्रेस क्लब में रविवार को ग्रीष्मकालीन बाल अभिरुचि शिविर-2026 का शुभारंभ हुआ। जयपुर शहर सांसद मंजू शर्मा ने शिविर का उद्घाटन करते हुए बच्चों का उत्साहवर्धन किया। क्लब अध्यक्ष मुकेश मीणा, महासचिव राजकुमार शर्मा सहित प्रबंध कार्यकारणी ने सांसद मंजू शर्मा का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। प्रेस क्लब अध्यक्ष मुकेश मीणा ने कहा कि 10 दिवसीय इस समय कैंप में बच्चों को लोक नृत्य, नाटक, मार्शल आर्ट, ड्राइंग एंड पेंटिंग, वेस्टर्न डांस, मेहंदी, योग, फोटोग्राफी का प्रशिक्षण दिया जा रहा हैं। सांसद मंजू शर्मा ने कहा कि ऐसे शिविर बच्चों की छिपी प्रतिभाओं को सामने लाने और उनके सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने बच्चों को जंगल सफारी कराने का सुझाव दिया। वरिष्ठ पत्रकार श्याम सुंदर शर्मा ने शिविर में बच्चों को शुभकामनाएं दी। महासचिव राजकुमार शर्मा ने जंगल सफारी कराने के लिए आश्वस्त किया।

इस अवसर पर कैंप की संयोजक अनीता शर्मा, उपाध्यक्ष डॉ मोनिका शर्मा, पुष्पेंद्र सिंह राजावत कार्यकारिणी सदस्य निखिलेश शर्मा, छगनलाल शर्मा, विकास आर्य, मुकेश शर्मा सहित बड़ी संख्या में पत्रकार साथी और उनके परिवार मौजूद रहे। इस दौरान कार्यक्रम में राजेंद्र शर्मा चाचा, नवनीत शर्मा, गिर्राज अग्रवाल, विमल सिंह तंवर, हेमंत थपलियाल, गिर्राज गुर्जर, ईश्वर बैरागी, महेंद्र सैनी उपस्थित रहे।

# ग्रीष्मकालीन छुट्टियों का सदुपयोग, अभिरुचि शिविर में निखर रही प्रतिभाएं

निसं



**सरदारशहर (नवयत्न)।** ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान बच्चों और महिलाओं को कौशल विकास एवं आत्मनिर्भरता से जोड़ने के उद्देश्य से राजस्थान राज्य भारत स्काउट एवं गाइड स्थानीय संघ, सरदारशहर के तत्वावधान में अभिरुचि एवं कौशल विकास प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर 17 मई से 16 जून 2026 तक राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय, अंबेडकर मोहल्ला, रामनगर बास में संचालित हो रहा है। संघ के सचिव बाबूलाल स्वामी ने बताया कि शिविर में 68 प्रशिक्षणार्थी विभिन्न गतिविधियों का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। शिविर में सिलाई, ब्यूटी पार्लर, मेहंदी, नृत्य, ड्राइंग सहित कई उपयोगी एवं रोजगारपरक विषयों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। विशेष रूप से आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चे एवं महिलाएं इस शिविर का लाभ उठाकर नए कौशल सीख रहे हैं, जिससे उनमें आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता की भावना विकसित हो रही है। शिविर का संचालन इंदुबाला वर्मा के निर्देशन में किया जा रहा है जबकि पुष्पा पूनिया, मदन सिंह राईका, चुकी राव, निर्मल सोनी, लक्षिता भार्गव और आरती राव सहित अन्य प्रशिक्षक विभिन्न विषयों का प्रशिक्षण दे रहे हैं। शिविर में बालक-बालिकाएं अपनी रुचि के अनुसार गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग ले रहे हैं। प्रशिक्षण के माध्यम से उन्हें केवल हुनर ही नहीं बल्कि श्रम के प्रति सम्मान, स्वावलंबन और भविष्य में आजीविका अर्जित करने की प्रेरणा भी दी जा रही है। आयोजकों के अनुसार शिविर का मुख्य उद्देश्य बच्चों और महिलाओं में छिपी प्रतिभाओं को निखारना, उन्हें रोजगारपरक कौशल से जोड़ना तथा आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रोत्साहित करना है। ग्रीष्मकालीन छुट्टियों के दौरान आयोजित यह शिविर प्रतिभागियों के लिए सीखने और अपने भविष्य को बेहतर बनाने का एक सशक्त माध्यम बन रहा है।

# सामाजिक संस्था एफट्र्स में छात्रवृति हेतु 52 बच्चों का चयन



जयशंकर जांगिड़

**झुंझुनू (नवयत्न)।** अंबेडकर भवन झुंझुनू में स्कॉलरशिप हेतु प्राप्त आवेदन पत्रों को चेक करके अनुसूचित समाज के 52 बच्चों का चयन किया गया। कोर कमेटी सदस्यों ने मिलकर बच्चों की आर्थिक स्थिति जानकर उनके मूल दस्तावेज चेक किए। एफट्र्स झुंझुनू जिले के उन प्रतिभावान बच्चों के लिए कार्य कर रही है जो आर्थिक तंगी के कारण प्रतिभावान होते हुए भी 12 वीं कक्षा के बाद अपने सपनों को पूरा नहीं कर पाते हैं। क्योंकि उनके पास कोचिंग के लिए पैसों का और मोटिवेशन का अभाव होता है। कोर कमेटी सदस्यों ने बताया कि झुंझुनू जिले से अनुसूचित जाति के 105 बच्चों से ऑफलाइन व ऑनलाइन आवेदन प्राप्त हुए थे। जो बच्चे एफट्र्स के नियमों के दायरे में आते हैं उनको 14 जून रविवार को अंबेडकर भवन झुंझुनूं में सुबह 9 बजे स्कॉलरशिप हेतु चेक वितरण किया जाएगा। नीट, आईआईटी या अन्य प्रतियोगिकी परीक्षाएं जैसे यूपीएससी, व्याख्याता, पटवारी, ग्रामसेवक, शिक्षक, पुलिस सहित किसी भी कंपटीशन एग्जाम की तैयारी हेतु स्कॉलरशिप दी जाएगी। नीट, आईआईटी, यूपीएससी के माध्यम से एवं आरएएस की तैयारी करने वाले बच्चों को तीस-तीस हजार रुपए की स्कॉलरशिप प्रदान की जाएगी। इनके अलावा तैयारी करने वाले बच्चों को पंद्रह हजार रुपए तक की स्कॉलरशिप प्रदान की जाएगी। एफट्र्स झुंझुनू की पहली संस्था है जो समाज के अनुसूचित जाति के आर्थिक रूप से कमजोर प्रतिभावान बच्चों को स्कॉलरशिप उपलब्ध करवाती है। संस्था 14 जून को अंबेडकर भवन झुंझुनू में छात्रवृति चेक वितरण के साथ एफट्र्स से चयनित 36 बच्चों का सम्मान भी किया जाएगा। इस दौरान ओमप्रकाश भूरिया, मनेश्वर सिरोवा, डॉक्टर राकेश माहीच, महेश जसरापुर, डॉ सुरेश शिला, मनोज नालवा, जितेंद्र गर्वा, सीताराम बास बुडाना, महेश दौलतपुरा, संदीप टंडन, अमरसिंह नारनौलिया, मदनलाल गुडेसर, सुनील गोठवाल सहित सैकड़ों बच्चे एवं अभिभावक मौजूद रहे।

# मीणा समाज की बैठक आयोजित

निसं

**श्रीमाधोपुर (नवयत्न)।** राजस्थान आदिवासी मीणा सेवा संघ अजीतगढ़ ब्लॉक की बैठक रविवार को श्रीमाधोपुर तहसील कोषाध्यक्ष गोपाल लाल मीणा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में अजीतगढ़ शहर में समाज के युवाओं, विद्यार्थियों के लिए लाइब्रेरी, हॉस्टल के लिए चर्चा की गई ताकि युवाओं को शिक्षण व्यवस्थाओं में सहयोग मिल सके। वहीं बैठक में वक्ताओं ने कहा कि समाज के उत्थान के लिए विद्यार्थियों का कैरियर काउंसलिंग कैंप आयोजित किया जाए, जिससे शिक्षण के साथ रोजगार के अवसरों की जानकारी उपलब्ध हो सके। इस दौरान रामकिशोर मीणा, जिला उपाध्यक्ष ज्ञानप्रकाश मीणा, श्रीमाधोपुर युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष मनीष मीणा, अजीतगढ़ अध्यक्ष प्रकाश मीणा, सोहन लाल मीणा, अनिल मीणा, मुकेश मीणा, मामराज मीणा, अशोक मीणा समेत अनेक समाजबंधु मौजूद थे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक सपना शर्मा के लिए उदय प्रिंटर्स 43-ए, माली कॉलोनी, चांदपोल के बाहर जयपुर में मुद्रित व प्लॉट नं. 88, तहसील के पीछे दांतारामगढ़, सीकर (राज.) से प्रकाशित संपादक सपना शर्मा
मो. 9783931239 मुख्य कार्यालय-जी-4, मान नगर, नगर परिषद के सामने, झुंझुनू, 01592-297190

सम्पादकीय

# आर्थिक सुधारों को गति मिले



प्रधानमंत्री ने अपनी आर्थिक सलाहकार परिषद के सदस्यों के साथ बैठक कर मौजूदा आर्थिक समस्याओं से निपटने पर जो मंथन किया, वह समय की मांग था। विश्व स्तर पर जारी उथल-पुथल और विशेष रूप से पश्चिम एशिया संकट ने अन्य देशों के साथ-साथ भारत की अर्थव्यवस्था के सामने भी चुनौतियां खड़ी कर दी हैं। सबसे बड़ी चुनौती खाड़ी के देशों से तेल एवं गैस की आपूर्ति में बाधा के कारण खड़ी हुई है। अमेरिका और ईरान के बीच युद्धविराम के बावजूद हालात सामान्य होने के कोई आसार नहीं दिखते। हालात तब तक सामान्य होने वाले नहीं हैं, जब तक होर्मुज समुद्री मार्ग बाधित रहता है। अमेरिका तमाम प्रयत्नों के बावजूद ईरान पर ऐसा दबाव नहीं डाल पा रहा है, जिससे यह जलमार्ग जहाजों के सुरक्षित आवागमन के लिए खुल सके। चूंकि युद्धविराम के बाद भी अमेरिका और ईरान एक-दूसरे के ठिकानों को निशाना बनाते रहते हैं, इसलिए तेल एवं गैस के दाम कम होने का नाम नहीं ले रहे हैं। यह ठीक है कि पश्चिम एशिया संकट ने अर्थव्यवस्था के समक्ष जो कठिनाइयां पैदा की हैं, उन्हें दूर करने के लिए अनेक उपाय किए गए हैं, लेकिन अभी उन्हें पर्याप्त नहीं कहा जा सकता। ऊर्जा संसाधनों की बचत और मितव्ययिता बरतने के सुझावों पर कितना भी अमल हो, वह एक हद तक ही प्रभावी हो सकता है। इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि डॉलर के मुकाबले रुपया कमजोर होने से भारत का आयात बिल बढ़ रहा है और उधर अमेरिका के साथ होने वाले व्यापार समझौते के संपन्न होने की कोई सूरत नहीं दिख रही है। अच्छी बात यह है कि देश के विशालकाय मध्य वर्ग की क्रय क्षमता के चलते वैसा कोई गंभीर आर्थिक संकट खड़ा होता नहीं दिख रहा है, जैसा कुछ विपक्षी नेता बता रहे हैं, लेकिन यदि पश्चिम एशिया संकट लंबा खिंचा तो समस्याएं और अधिक बढ़ सकती हैं। इससे कारोबार जगत के साथ आम लोग भी प्रभावित होंगे। इन स्थितियों में यह आवश्यक है कि सभी वांछित आर्थिक सुधारों की दिशा में तेजी के साथ आगे बढ़ा जाए। यह समझा जाए कि कारोबारी सुगमता को वास्तव में और बेहतर बनाने की आवश्यकता है, क्योंकि हमारे प्रमुख उद्योगपति देश में उतना निवेश नहीं कर रहे हैं, जितना उन्हें करना चाहिए। इसी के साथ सरकार को यह भी देखना होगा कि विदेशी निवेशक पर्याप्त मात्रा में पूंजी का निवेश क्यों नहीं कर रहे हैं? बीते दिनों उन्हें आकर्षित करने के लिए कुछ कदम अवश्य उठाए गए हैं, लेकिन यह सुनिश्चित करना आवश्यक है कि उनके सकारात्मक परिणाम भी सामने आएं। भारत को इस पर विशेष ध्यान देना होगा कि आवश्यक वस्तुओं के आयात पर निर्भरता कम हो और निर्यात बढ़े। नि:संदेह यह तभी संभव होगा, जब सरकार और उद्योग जगत चुनौतियों का सामना मिलकर करेंगे।

विशेष आलेख

# कब थमेगा सपनों का यह कत्ल...? सरकारी व्यवस्था से हार रहे हैं बच्चे

केंद्रीय परीक्षा नीट-यूजी 2026 का प्रश्नपत्र लीक होने के बाद यह पीड़ादायक है कि देश के किसी न किसी हिस्से से अब भी बच्चों के जीवन से हारने की खबरें आनी जारी हैं। हमारे देश में प्रतियोगी परीक्षाएं जीवन संवारने की एक उम्मीद होती हैं। आशाओं का एक ऐसा द्वार, जिसे पार कर अच्छा भविष्य बनाने के लिए हर वर्ष लाखों बच्चे और उनके स्वजन तपस्या की तरह तैयारी में जुट जाते हैं।

यही वजह है कि इन इम्तिहानों का निरस्त होना सीधे-सीधे उनके सपनों पर कुठाराघात होता है। इन घटनाओं के कारण वर्षों की श्रमशील दिनचर्या व्यवस्था की लचरता की भेंट चढ़ जाती है, जिसके चलते बच्चे भावी जीवन से जुड़ी अनिश्चितता, मानसिक अवसाद और सपनों के बिखरने की पीड़ा से जूझते हैं।

कुछ समय पहले नीट परीक्षा को प्रश्नपत्र लीक की चर्चा के बीच रद्द किया गया। अब इसकी जांच सीबीआई कर रही है। तकलीफदेह है कि प्रश्नपत्र लीक होने के अधिकतर मामले जांच-पड़ताल तक ही सिमट कर रह जाते हैं। जबकि ऐसी घटनाएं पहले से ही गलाकाट प्रतियोगिता के दौर में भविष्य बनाने के लिए जद्दोजहद कर रहे बच्चों के श्रम और उनकी प्रतिबद्धता पर पानी फेर देती हैं। इस बार भी एनटीए के इस फैसले के बाद करीब बाईस लाख से ज्यादा विद्यार्थियों को दोबारा परीक्षा देनी होगी। कई बच्चों की आत्महत्या की खबरों के बीच बहुत से बच्चों द्वारा आक्रोश जताने वाले विरोध प्रदर्शन भी हुए। अभिभावकों ने भी बच्चों की पढ़ाई से जुड़े संघर्ष और हालात का हवाला दिया। स्पष्ट है कि पूरे समाज को निराशा और अविश्वास की ओर धकेलने वाले ऐसे वाकये चिंतनीय हैं और हमारी अकादमिक व्यवस्था से भरोसा कम करने वाले हैं।

असल में प्रश्नपत्र लीक होने की घटनाओं को केवल अभ्यर्थियों की समस्या के तौर पर नहीं देखा जा सकता। व्यवस्थागत मोर्चे पर बड़ी खामी को उजागर करने वाली ये घटनाएं अभ्यर्थी के पूरे परिवार को आघात पहुंचाती हैं। देश के आम परिवार के लिए ये मानसिक, आर्थिक और भावनात्मक मोर्चे पर पीड़ादायी होती हैं। निराश होकर बच्चों के जीवन से मुंह मोड़ लेने वाले मामलों की तो कोई क्षतिपूर्ति ही नहीं हो सकती।




दुखद है कि नीट परीक्षा निरस्त होने के बाद ऐसे कई दुर्भाग्यपूर्ण मामले भी सामने आए।

राजस्थान के झुंझुनूं जिले में नीट की तैयारी कर रहे बाईस वर्षीय छात्र ने परीक्षा रद्द होने और पेपर लीक विवाद से आहत होकर अपनी जान दे दी। अभ्यर्थी के पिता के मुताबिक, बहुत अच्छा पेपर होने और अच्छे अंक आने की उम्मीद को लगी ठेस के चलते उसने ऐसा कदम उठाया। उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी में जीवन से हार मान लेने वाले इक्कीस वर्षीय छात्र के परिवार का कहना है कि वह अपने तीसरे प्रयास में डॉक्टर बनने को लेकर पूरी तरह आश्वस्त था, लेकिन परीक्षा खारिज होने के समाचार ने उसका मनोबल तोड़ दिया। दिल्ली के आजादपुर में आत्महत्या करने वाली बीस वर्षीय छात्रा के परिजनों ने बताया कि परीक्षा रद्द होने के बाद वह मानसिक अवसाद में चली गई थी।

समझना कठिन नहीं है कि यह संसाधनों का ही नहीं, अनमोल मानवीय जीवन का भी नुकसान है। कितने ही बच्चों और उनके स्वजनों के सपने अनिश्चितता के घेरे में आ जाते हैं। नीट यूजी-2026 निरस्त होने से देशभर में अभ्यर्थी प्रभावित हुए हैं। यह स्थिति लाखों युवाओं और उनके परिवारों के संघर्षों पर आघात करने वाली है। कमजोर आर्थिक पृष्ठभूमि से आने वाले कई बच्चे अनगिनत मुश्किलों से जूझकर ऐसी प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी करते हैं।

अधिकतर प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं की शुल्क राशि आम परिवारों के लिए बड़ा बोझ होती है। दूरदराज के इलाकों से आने वाले गरीब घरों में तो अभिभावकों को बच्चों के घर से दूर रहने और कोचिंग के खर्च के लिए कर्ज तक लेना पड़ जाता है। मध्यवर्गीय परिवार हर मोर्चे पर जूझकर अपने बच्चों के सपनों को साकार करने का अवसर देते हैं। कम से कम संसाधनों में तैयारी करने वाले बहुत से बच्चों के पास सही समय पर पौष्टिक भोजन लेने और पर्याप्त आराम करने की व्यवस्था भी नहीं होती। कितने ही बच्चे शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य समस्याओं के दुश्चक्र में फंस जाते हैं। इसी वजह से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के दौरान भी बच्चों की आत्महत्या के मामले सामने आते रहते हैं।

इसके अलावा, पेपर लीक के कारण फिर से परीक्षा होने की स्थिति में अभ्यर्थियों को दोबारा तैयारी के लिए मानसिक दबाव से गुजरना पड़ता है। परिवारों को अतिरिक्त आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है। बच्चों की पढ़ाई के लिए कई परिवारों में गहने और जमीन तक बिक जाती है। गांवों-कस्बों से बार-बार परीक्षा देने आने के लिए भी खर्च करना पड़ता है।

यही वजह है कि इन वाकयों के कारण मेहनत के बल पर अपने सपने पूरे करने का मार्ग चुनने वाले योग्य उम्मीदवार और उनके अपने ठगा-सा महसूस करते हैं। इस स्थिति में किसी एक परिवार में ही नहीं, पूरे समाज में निराशा फैलती है। ऐसे में परीक्षा लेने के तरीके में बदलाव और व्यवस्थागत सख्ती जरूरी है। दुर्भाग्यपूर्ण है कि देश में प्रश्नपत्र लीक को लेकर सख्त कानून होने के बावजूद परीक्षाओं की निष्पक्षता, गोपनीयता और पारदर्शिता सवालों के घेरे में है। बच्चों को हताशा ही नहीं, जान देने वाले हालात तक ले जाने वाली घटनाएं रुक नहीं पा रही हैं। जबकि प्रश्नपत्र लीक, नकल गिरोह और परीक्षाओं में धांधली पर लगाम लगाने के लिए केंद्र सरकार द्वारा 2024 में कठोर कानून भी बनाया गया था। 'सार्वजनिक परीक्षा अनुचित साधनों की रोकथाम अधिनियम' में दोषियों के लिए दस वर्ष तक की जेल और भारी जुर्माने का प्रावधान है।

ऐसे में सरकार और एनटीए को ऐसे प्रयास करने होंगे कि इन कानूनों का असर भी दिखाई दे। अभ्यर्थियों को मायूसी की ओर धकेलने वालों पर त्वरित कार्रवाई हो। पारदर्शी जांच और दोषियों को सख्त सजा सुनिश्चित किए बिना विद्यार्थियों का विश्वास नहीं जीता जा सकता।

## आज का राशिफल

### मेष
किसी प्रभावशाली व्यक्ति से सहयोग प्राप्त होगा। पूजा-पाठ में मन लगेगा। तीर्थदर्शन हो सकते हैं। विवेक का प्रयोग करें, लाभ होगा। मित्रों के साथ अच्छा समय बीतेगा। विरोध होगा। पारिवारिक सुख-शांति बनी रहेगी। चिंता तथा तनाव रहेंगे। झंझटों में न पड़ें। जल्दबाजी से हानि होगी।

### वृष
स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। चोट व दुर्घटना से हानि संभव है। कार्य करते समय लापरवाही न करें। बनते कामों में बाधा हो सकती है। विवाद से बचें। काम में मन नहीं लगेगा। किसी व्यक्ति के उकसाने में न आएं। विवेक का प्रयोग करें। आय बनी रहेगी। पारिवारिक सहयोग मिलेगा।

### मिथुन
घर-परिवार की चिंता रहेगी। किसी वरिष्ठ व्यक्ति का मार्गदर्शन व सहयोग प्राप्त होगा। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। घर-परिवार में प्रसन्नता रहेगी। बाहर जाने का मन बनेगा। भाइयों से मतभेद दूर होंगे। व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें।

### कर्क
लेन-देन में जल्दबाजी न करें। आवश्यक वस्तु समय पर नहीं मिलने से क्रोध रहेगा। भूमि व भवन संबंधी बड़े सौदे बड़ा लाभ दे सकते हैं। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल रहेगा। बड़ा काम करने का मन बनेगा। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। आय में वृद्धि होगी।

### सिंह
रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। किसी प्रबुद्ध व्यक्ति का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। यात्रा मनोरंजक रहेगी। पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा। मनपसंद भोजन की प्राप्ति संभव है। पारिवारिक सदस्यों तथा मित्रों के साथ आनंददायक समय व्यतीत होगा। व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा।

### कन्या
मेहनत अधिक होगी। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। आय में कमी रहेगी। नकारात्मकता बढ़ेगी। विवाद से क्लेश होगा। जल्दबाजी में कोई महत्वपूर्ण निर्णय न लें। अनावश्यक परेशानी खड़ी हो सकती है। दूसरों की बातों में न आएं। धैर्य रखें, समय सुधरेगा।

### तुला
सामाजिक कार्यों में मन लगेगा। दूसरों की सहायता कर पाएंगे। मान-सम्मान मिलेगा। रुके कार्यों में गति आएगी। पारिवारिक सहयोग मिलेगा। व्यापार ठीक चलेगा। मनोरंजक यात्रा हो सकती है। मित्रों के साथ अच्छा समय व्यतीत होगा। घर-बाहर सुख-शांति रहेगी।

### वृश्चिक
उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी। भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी। कोई नया बड़ा काम करने की योजना बनेगी। भाइयों का सहयोग प्राप्त होगा। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल चलेगा। भ्रम की स्थिति बन सकती है। बुद्धि का प्रयोग करें। लाभ में वृद्धि होगी।

### धनु
यात्रा मनोरंजक रहेगी। भेंट व उपहार की प्राप्ति संभव है। किसी बड़ी समस्या का हल मिलेगा। व्यावसायिक साझेदार पूर्ण सहयोग करेंगे। कोई नया उपक्रम प्रारंभ करने का मन बनेगा। सेहत का ध्यान रखें। वरिष्ठजनों की सलाह काम आएगी। नए मित्र बनेंगे। आय बनी रहेगी। हर कार्य बेहतर होगा।

### मकर
अनावश्यक जोखिम न लें। किसी भी व्यक्ति के उकसावे में न आएं। फालतू खर्च होगा। पुराना रोग उभर सकता है। सेहत को प्राथमिकता दें। लेन-देन में जल्दबाजी से हानि होगी। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। महत्वपूर्ण निर्णय लेने का समय नहीं है। चिंता तथा तनाव रहेंगे।

### कुंभ
मनोरंजक यात्रा की योजना बनेगी। डूबी हुई रकम प्राप्त हो सकती है। आय में वृद्धि होगी। बिगड़े काम बनेंगे। प्रसन्नता रहेगी। मित्रों के साथ अच्छा समय व्यतीत होगा। व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य बिगड़ सकता है, ध्यान रखें। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। भाग्य का साथ मिलेगा। प्रमाद न करें।

### मीन
घर-परिवार के साथ आराम तथा मनोरंजन के साथ समय व्यतीत होगा। मान-सम्मान मिलेगा। व्यापार मनोनुकूल चलेगा। योजना फलीभूत होगी। कार्यस्थल पर परिवर्तन संभव है। विरोध होगा। काम करते समय लापरवाही न करें। चोट लग सकती है। थकान तथा कमजोरी महसूस होगी।

स्वास्थ्य समाचार

# सेहत के लिए कितना फायदेमंद है शहद?

शहद एक मीठा और स्वादिष्ट खाद्य पदार्थ है, जो रसोई के अलावा औषधि के रूप में भी सालों से प्रयोग किया जाता है। इसे खाने और लगाने से त्वचा में निखार आ जाता है, साथ ही शरीर पर हुए किसी जख्म पर लगाने से यह प्राकृतिक रूप से घाव भर देता है। विज्ञान भी इस की गुणवत्ता को मानता है। आज के दौर में शहद वैज्ञानिकों के लिए शोध का विषय है और पिछले कई सालों से शहद में वि-मान ऐंटीमाइक्रोबियल, ऐंटीऔक्सीडैंट और ऐंटीइन्फ्लैमेटरी आदि गुणों पर अनुसंधान चल रहा है ताकि कई प्रकार के कैंसर और दिल की बीमारियों को कुछ हद तक काबू में किया जा सके।



## शहद से होते है ये फायदे

- शहद की शैल्फ लाइफ बहुत लंबी होती है, क्योंकि मधुमक्खियां इसे इकट्ठा करते समय इस में एक खास ऐंजाइम मिला देती हैं। यह आंखों की दृष्टि, बांझपन, वजन कम करने, यूरिन संबंधी बीमारियों, अस्थमा, खांसी आदि के लिए बेहद लाभप्रद है।
- शहद में मौजूद चीनी आम चीनी की तरह नहीं होती, यह फ्रुक्टोज और ग्लूकोज का मिश्रण होती है और खून में शुगर के स्तर को सामान्य बनाए रखने में मदद करती है।
- काफी समय पहले से खेलों में बेहतर प्रदर्शन के लिए ऐथलीट्स शहद का सेवन करते रहे हैं, क्योंकि यह शरीर में ग्लाइकोजन के स्तर को सामान्य बनाए रखने में सहायक होता है।
- त्वचा के लिए क्लींजर का काम करता है। इसे नियमित खाने और लगाने से त्वचा मुलायम और चमकदार बनी रहती है।
- जई (ओट्स) में मिला कर इसे लगाने से यह ऐक्सफोलिएशन का काम करता है। यह मृत कोशिकाओं को आसानी से साफ कर नई कोशिकाओं को पैदा होने में मदद करता है।
- शहद के नियमित इस्तेमाल से ऐग्जिमा की रोकथाम में सहायता मिलती है।
- क्षतिग्रस्त त्वचा को भी बहुत हद तक ठीक कर सकता है।
- शहद में ऐंटीऔक्सिडैंट बहुत अधिक मात्रा में होता है, इसलिए इस का नियमित सेवन करने से त्वचा को यूवी किरणों के प्रभाव से बचाया जा सकता है।
- शहद रूसी से छुटकारे के लिए अच्छा घरेलू उपचार है। यह सूखे बालों को पोषण प्रदान कर उन्हें चमकदार और मुलायम बनाता है।
- ठंड के दिनों में गरम दूध में 1 चम्मच शहद मिला कर पीने से अनिद्रा की समस्या कम हो जाती है।
- वर्कआउट या व्यायाम के बाद इसे पीने से तुंरत ऊर्जा मिलती है।
- मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी शहद एक दवा के रूप में काम करता है।

# आंखों के ऊपर दर्द होने पर अपनाएं यह घरेलू उपाय

सर्दी जुकाम होने पर आंखों के आसपास और इसके ऊपर काफी तीखा सा दर्द महसूस होता है। इसके अलावा आंखों के ऊपर दर्द के कई अन्य कारण भी हो सकते हैं, जिसमें माइग्रेन, चिंता, साइनस की परेशानी, आंखों से पानी आना इत्यादि शामिल हैं। वहीं, इसके कुछ कारण इस परेशानी को ट्रिगर भी करते हैं, जिसमें मौसम का बदलना, सोने में कमी, स्ट्रेस, तेज रोशनी इत्यादि शामिल है। इस परेशानी से राहत पाने के लिए इसके कारणों का इलाज जरूरी होता है। इसके अलावा ट्रिगर करने वाली चीजों से दूर करने की जरूरत होती हैं। वहीं, कुछ ऐसे घरेलू उपाय भी हैं, जो आंखों के ऊपर होने वाले दर्द को कम कर सकते हैं।



## स्टीम लें

आंखों के ऊपर दर्द होने पर स्टीम लें। इससे दर्द से आराम मिल सकता है। इसका इस्तेमाल करने के लिए एक बड़े से पैन में पानी को अच्छी तरह से उबाल लें। इसके बाद एक तौलिए की मदद से सिर को ढककर स्टीम लें। इससे दर्द से आराम मिल सकता है।

## खीरे का इस्तेमाल

आंखों के ऊपर दर्द होने पर खीरे का इस्तेमाल लाभकारी हो सकता है। दरअसल, खीरे की तासीर ठंडी होती है, जो सिर की गर्मी को कम करके दर्द से राहत दिलाने में प्रभावी हो सकता है। आंखों के आसपास दर्द और जलन को कम करने के लिए खीरे का रस लगाएं। इससे आंखों के ऊपर दर्द और जलन से छुटकारा पा सकते हैं।

## आलू है प्रभावी

आंखों के ऊपर दर्द होने पर आलू का इस्तेमाल करें। इसका इस्तेमाल आप आलू के स्लाइस की तरह कर सकते हैं। इसके लिए आलू के स्लाइस काट लें। अब



इसे कुछ देर के लिए फ्रिज में रख दें। इसके बाद इसे आप अपने आंखों पर रखें। कुछ देर तक थोड़ा आराम करें। इससे आपको दर्द और जलन से आराम मिल सकता है।

## गुलाबजल से पाएं राहत

आंखों के ऊपर दर्द से राहत पाने के लिए गुलाबजल का इस्तेमाल करें। दर्द से राहत पाने के लिए रोजाना सोने से पहले आंखों में गुलाब जल की एक या दो बूंदें डालें। इससे आंखों के ऊपर दर्द और जलन कम हो सकती है।

## टी बैग्स है असरदार

आंखों के ऊपर दर्द होने पर टी बैग्स का इस्तेमाल करें। इसका इस्तेमाल करने के लिए टी बैग को हल्का सा गीला करके इसे थोड़ी देर के लिए फ्रिज में रख दें। इसके बाद इसे आंखों पर रखें। इससे दर्द और जलन की परेशानी कम हो सकती है।

## ठंडे दूध से करें मसाज

आंखों के ऊपर दर्द होने पर सिर पर ठंडा दूध लगाकर मसाज करें। इससे थकान दूर होती है। नियमित रूप से अगर आप ठंडे दूध से सिर की मसाज करते हैं तो यह संक्रमण की परेशानी को भी कम कर सकता है।

# सीने के बीच में दर्द होने के हो सकते हैं यह कारण

जब हमें सीने या छाती के किसी भी हिस्से में दर्द होता है, तो हमें लगता है कि कोई हृदय रोग हो गया है। या फिर यह हार्ट अटैक का संकेत है। लेकिन छाती के बीचों-बीच में दर्द होना, हृदय रोग का संकेत नहीं होता है।

बल्कि यह कई अन्य कारणों से हो सकता है। छाती के बीच, सीने में होने वाले वाले दर्द को कभी भी नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। क्योंकि छाती के बीच में दर्द होने के लिए कई कारण जिम्मेदार हो सकते हैं।

**एसिडिटी :** छाती के बीच में यानी स्वांसनली वाले हिस्से में दर्द होना एसिडिटी का एक कारण हो सकता है। दरअसल, जब आहारनली में एसिड आता है, तो सीने के बीचों-बीच में दर्द महसूस हो सकता है। यह दर्द पेट के



ऊपरी हिस्से में भी होता है। अपच, कोई दवा, शराब या फिर मसालेदार भोजन एसिडिटी को बढ़ा सकता है। इस स्थिति में आपको छाती के बीच तेज दर्द का अनुभव हो सकता है।

**हार्ट अटैक :** महिलाओं और पुरुषों में हार्ट अटैक के लक्षण अलग-अलग हो सकते हैं। अगर छाती के बीच में दर्द है, तो यह महिलाओं में होने वाले हार्ट अटैक का एक लक्षण हो सकता है। यानी हार्ट अटैक आने से पहले छाती के बीच दर्द महसूस हो सकता है। महिलाओं को यह दर्द कभी धीमा या तेज हो सकता है। इसलिए अगर आपको लगातार छाती के बीच में दर्द महसूस हो, तो तुरंत डॉक्टर से कंसल्ट करें।

**गैस्ट्रो-ओओसोफेगल रिफ्लक्स रोग :** जब किसी व्यक्ति को छाती के बीच में दर्द महसूस होता है, तो यह गैस्ट्रो-ओओसोफेगल रिफ्लक्स रोग के कारण भी हो सकता है। यह समस्या अधिकतर अधिक वजन वाले लोगों में देखने को मिलता है। इस स्थिति में पेट में उत्पन्न एसिड भोजन नली में वापस आ जाता है। गैस्ट्रो ओओसोफेगल रिफ्लक्स होने पर आपको छाती के बीच में दर्द, जकड़न और जलन महसूस हो सकती है।

**स्टर्नम फ्रैक्चर :** ऊपरी शरीर के मूवमेंट के लिए स्टर्नम बहुत जरूरी होता है। अगर स्टर्नम में फ्रैक्चर होता है, तो इस स्थिति में छाती के बीच में दर्द महसूस हो सकता है। यह चोट खेलने के दौरान या फिर फिजिकली एक्टिविटी के दौरान लग सकती है।

## माधुर्य लीला से ऐश्वर्य लीला में भगवान का प्रवेश



निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** आसक्ति और मोह की विरक्ति से ही कर्तव्य पथ पर अग्रसर होना संभव है। सकल सृष्टि को शास्त्रोंचित इसी ज्ञान के लिए भगवान प्रेम और आसक्तिमय माधुर्य लीला से पृथ्वी पर अपने आगमन के उद्देश्य को पूर्ण करने के लिए उद्देश्य रूपी ऐश्वर्या लीला के लिए मथुरा जाते हैं । मंदिर श्री गोपीनाथ श्रीमाधोपुर में पुरुषोत्तम मास में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के 23 दिवस व्यास पीठाचार्य प्रयागदास महाराज ने गोपियों का भगवान श्रीकृष्ण के विरह में युगल गीत, अक्रूर का भगवान श्रीकृष्ण को लेने के लिए गोकुल आगमन, भगवान का अक्रुर के साथ मथुरा गमन, माता यशोदा की विरह वेदना, बाबा नंद की विरह वेदना, गोपियों की विरह वेदना एवं मार्ग में अक्रूर को भगवान के द्वारा अपना चतुर्भुज रूप एवं ब्रह्मांड रूप का दिव्य दर्शन देने की लीला का वर्णन किया गया। रात्रि में राम चरित्र मानस के अरण्यकांड में भक्तों के द्वारा सामूहिक रूप से माता अनुसूया एवं सीता के दिव्यज्ञानमय संवाद, अगस्त ऋषि के आश्रम में भगवान राम के आगमन, इंद्र पुत्र जयंत के अभियान का मर्दन की कथा का गान किया गया। मंहत मनोहर शरण दास ने बताया कि प्रात: भगवान श्री राधा गोपीनाथ का ग्रीष्म ऋतु में शीतलता प्रदान करने वाले चंदन एवं सुगंधित पुष्पों से श्रृंगार कर पुरुषोत्तम मास में भगवान की मंगला आरती के दर्शन से शयन आरती के दर्शन करने एवं प्रतिदिन दीपदान करने का भक्तों को व्यापक महत्व बताया।

## बासोतिया को अर्पित किए श्रद्धासुमन



निसं

**नवलगढ़ ( नवयत्न )।** क्षेत्र के विप्र मण्डल संस्थान की ओर से रविवार को मिठुका धर्मशाला में प्रसिद्ध भामाशाह गोविंद राम बासोतिया की श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। श्रद्धांजलि सभा में वक्ताओं ने गोविंद राम बासोतिया के जीवन परिचय के बारे में विस्तृत जानकारी दी। वही बताया कि बासोतिया नवलगढ़ नगर के प्रतिष्ठित भामाशाह, विप्र मण्डल संस्थान नवलगढ़ के संरक्षक एवं समाजसेवा के पर्याय श्रद्धेय थे। गोविंदराम बासोतिया का नाम समाज में हमेशा अग्रिम पंक्ति में लिया जाता है जिनका निधन होने से समाज को अपूरणीय क्षति हुई है। विप्र मण्डल संस्थान के अध्यक्ष ओमप्रकाश सरार्फ ने कार्यक्रम में आये हुए सभी लोगों का आभार जताया। इस दौरान संत जीतनाथ महाराज, रोशन नाथ महाराज, कथावाचक नीरज शौनक, पशुपति कुमार शर्मा, भाजपा नेता रवि सैनी, डॉ विजय कुमार बासोतिया, राजकुमार बासोतिया, संजय बासोतिया, कैलाश चोटिया, एडवोकेट अश्वनी कुमार महर्षि, आशुतोष बासोतिया, आशीष बासोतिया, घूमचक्कर व्यापार मंडल अध्यक्ष कैलाश जांगीड़, मुरली मनोहर चोबदार, एडवोकेट श्रीकांत मुरारका, विप्र मण्डल संस्थान के अध्यक्ष ओमप्रकाश सर्राफ, सचिव मुरारी लाल शर्मा, महेश मिश्रा, रामकुमार सिंह राठौड़, एडवोकेट तरुण मिंतर, सुधाकर सहल, गोविंद मिश्रा, सज्जन जोशी सहित कई लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन वैध पवन शर्मा ने किया।

## तूफानी बारिश ने खोली भ्रष्टाचार की पोल



अबूबकर बल्खी

**लाडनूं ( नवयत्न )।** क्षेत्र में हुई तेज तूफानी बारिश ने निर्माण एजेंसियों के कार्यों की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। यहां सेल्फी प्वाइंट पर नगरपालिका द्वारा लाखों रुपये की लागत से फरवरी माह में बनाया स्वागत द्वार तेज हवाओं से उखड़कर सड़क पर औंधे मुंह गिर पड़ा। गनीमत रही कि घटना के समय वहां कोई वाहन या राहगीर मौजूद नहीं था। अगर स्वागत द्वार हाईवे से गुजर रहे किसी वाहन पर गिर जाता तो जानलेवा हादसा होने की संभावना बनी हुई थी। मात्र चार माह पहले बने इस स्वागत गेट के धराशायी होने से निर्माण सामग्री की गुणवत्ता और कार्य की निगरानी पर सवाल उठने लगे हैं। इसके अलावा शहर और आसपास के कई क्षेत्रों में खड़े बिजली के पोल भी धराशायी हो गए। यहां लादू बाबा बगीची के सामने रिडकोर का संकेतक बोर्ड भी उखड़कर गिर गया। स्थानीय लोगों का आरोप है कि पोल की नींव कमजोर होने के कारण वे तेज हवाओं और बारिश का दबाव नहीं झेल पाए। नागरिकों ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी निर्माण एजेंसियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

## 36 वें दिन भी जारी रहा अनिश्चितकालीन धरना

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** विभिन्न मांगों को लेकर नगरपरिषद के बाहर चल रहा धरना 36 वें दिन रविवार को भी जारी रहा। धरनार्थी अजय ढ़ेनवाल ने बताया कि गांधी चौक स्थित पार्क में बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर, पद्मश्री महाकवि कन्हैयालाल सेठिया एवं स्वतंत्रता सेनानी पं गिरिशचंद्र मिश्र की प्रतिमा लगाये जाने की मांग को लेकर उनका धरना लगातार 36 दिनों से जारी है तथा जब तक उनकी मांगे नहीं मानी जाती है, तब तक यह अनिश्चितकालीन धरना जारी रहेगा।

अजय ढ़ेनवाल के साथ रविवार को निवर्तमान पार्षद तरूण सियोता, इकबाल खान, बिलाल भूरान, सोहेल गोपालपुरिया, विनोद सरपटा, शंकरलाल लाखन, राजू खां, अजीज खां, रफीक, गोविन्द, दिलीप कुमार पारीक, गुलाम शरीफ, संजय सिंह कताला, सुमित, प्रताप मौजूद रहे।

# धर्म की शुरुआत करनें वाले प्रशंसनीय होते है : सौरभ मुनि

निसं

**नोखा ( नवयत्न )।** आचार्यश्री रामेश कृपा से सात दिवसीय ज्योतिर्मय जैन संस्कार शिविर शासन दीपक मुदित मुनिजी मसा आदि ठाणा 4 व शासन दीपिका महासती चन्द्रप्रभा जी मसा आदि ठाणा 7 के पावन सानिध्य में सफलता पूर्वक संपन हुआ। यह शिविर 1 जुन से प्रारंभ हुआ था। समापन के अवसर पर रविवार सुबह पूज्य मसा श्री जी के सानिध्य में विशेप प्रवचन हुए। शासन दीपकश्री सौरभ मुनि ने बच्चो को उद्वोद्धित करते हुए बताया कि धर्म करने वाल से ज्यादा धर्म की शुरुआत करने वाला ज्यादा प्रशंसनीय होता है। हमारे त्याग का प्रभाव ही दुसरो को प्रभावित करता है। उन्होनें कुत्तो का वृतांत बताते हुए बताया कि हमें देखा देखी में नहीं उलझना चाहिये। एक होटल की घटना सुनाते हुए शाकाहार व व्यसन मुक्ति की प्रेरणा दी। उन्होने प्रेरणा दी कि हम उस स्थान पर खाना पीना ना करे जहाँ शाकाहार व मांसाहार दोनों एक साथ बनते हो। रतलाम की घटना सुनाते हुए बताया कि त्याग का जीवन में बहुत प्रभाव पड़ता है। त्याग के माध्यम से जीवन को बदला जा सकता है। इससे पूर्व महासती जीतयशा ने बच्चो का प्रेरणा देते हुए बताया कि हमारी गुणपरक दृष्टि होनी चाहिये। मन में प्रत्येक प्राणी के प्रति संवेदना होनी वाहिये। समापन के अवसर पर हम समर्पण की ओर बढ़े। शिविर के माध्यम से हम रामामृतम के अमृत की ज्योति प्रस्फुटित करे। शासन दीपिका चन्द्रप्रभा ने बताया कि हमें जागृति की आवश्यकता है। धर्म की महता व आवश्यकता बताते हुए बताया कि धर्म करेंगे तो धन स्वत: ही आ जायेगा। उन्होनें बच्चो को धर्म स्थान से जोड़ने पर जोर दिया। सभा के दौरान दर्शन डागा, जागृति डागा, उन्नति कांकरिया, कृतिका कांकरिया व गर्विता डागा ने भी अपनी अभिव्यक्ति दी। शिविर का विधिवत समापन समारोह सुबह साढ़े 11 बजे हुक्म नानेश भवन में संघ अध्यक्ष भींवराज कांकरिया, पूर्व अध्यक्ष मोहनलाल पारख, सीकरचन्द पींचा, पूर्व मंत्री बाबुलाल कांकरिया, कोपाध्यक्ष सुनील आंचलिया सहित अनेक पदाधिकारियो की गरिमामयी उपस्थिती में आयोजित हुआ। कार्यक्रम के दौरान महिला मंडल कर पूर्व मंत्री अमिता संचेती ने बच्चों को संस्कारित होने की प्रेरणा दी व आचार्य भगवन के सिद्धांत व्यसन मुक्ति जीवन जीने की प्रेरणा दी। संघ अध्यक्ष भींवराज कांकरिया ने बताया कि शिविर सुबह 8 बजे से सुबह साढ़े 110 बजे तक आयोजित हुआ। प्रतिदिन सुबह 8 बजे से शासन दीपक सौरभ मुनि व शासन दीपिका महासती जीतयशा ने रामामृतम ध्यान पद्धति के माध्यम से बच्चो को तनाव दुर करने के उपाय बताये गये। 8:30 बजे से बच्चों पर आधारित प्रवचन श्रंखला आयोजित हुई।

सुबह सवा 9 बजे से 10 बजे तक पाठशाला के अध्यापको ने बच्चो को थोकडो का अध्ययन करवाया। शासन दीपक सौरभ मुनि ने बच्चो को जैन धर्म व संघ की सामान्य जानकारियां दी। श्री उम्मेद मुनि ने बच्चो को संस्कारित करने से संबधित अध्ययन करवाया। शिविर की व्यवस्थाओं में समता युवा संघ मंत्री वीरेन्द्र बैद, खींवराज संखलेचा, मनोज लुणिया, विनीत मरोठी, ओमप्रकाश चौरड़िया, हर्पिता कांकरिया, सोनु बोथरा, निमिक्षा बोथरा, कनक भुरा, संजु देवी चौरडिया, पंकज संखलेचा, धीरज गोलछा, संदीप



सोनावत सहित अनेक सदस्य लगे रहे। सभा के अंत मे मंत्री गौतम पारख ने सभी शिविरार्थियों का आभार प्रकट किया व सहयोग देनें वाले सभी दानदाताओं व सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापित किया। सभा का संचालन नवीन कांकरिया ने किया।

## आंधी के साथ तेज बारिश, सड़कों पर जलभरावय, बिजली पोल गिरे

निसं

**नोखा ( नवयत्न )।** कस्बे में रविवार शाम आई तूफानी बारिश और तेज हवाओं ने जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया। इस दौरान आधा दर्जन से अधिक बिजली के पोल टूटकर सड़कों पर गिर गए, जिससे कई इलाकों में बिजली सप्लाई बाधित हो गई। मोहनपुरा, पुलिस थाने के पीछे का क्षेत्र, रोड़ा रोड स्थित विद्या भवन स्कूल के पास, जंभेश्वर चौक और गंगा गौशाला क्षेत्र सहित कई स्थानों पर बिजली के पोल धराशायी हो गए। पोल गिरने से बिजली तार भी सड़कों पर आ गए, जिससे करंट फैलने का खतरा पैदा हो गया। सुरक्षा के मद्देनजर लोगों को इन क्षेत्रों से दूर रहने की सलाह दी गई।

### बिजली पोल गिर गए

सूचना मिलते ही बिजली विभाग की टीम मौके पर पहुंची और क्षतिग्रस्त पोलों को हटाने तथा बिजली आपूर्ति बहाल करने का कार्य शुरू किया। विभाग के एईएन प्रमोद बारूपाल और जेईएन प्रेरणा गुप्ता स्वयं राहत एवं मरम्मत कार्यों की निगरानी कर रहे हैं। विभागीय कर्मचारी युद्धस्तर पर क्षतिग्रस्त बिजली तंत्र को दुरुस्त करने में जुटे हैं।

### निचली बस्तियों में जलभराव

तेज बारिश के कारण कस्बे की निचली बस्तियों



में जलभराव की स्थिति बन गई। कई मोहल्लों और गलियों में पानी भर जाने से लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ा। बीकानेर रोड पर करीब एक फीट तक पानी जमा हो गया, जिससे वाहन चालकों को काफी सावधानी बरतनी पड़ी। उगमपुरा क्षेत्र में तेज हवा के कारण एक बड़ा पेड़ टूटकर सड़क पर गिर गया, जिससे कुछ समय के लिए यातायात प्रभावित रहा। स्थानीय लोगों की मदद से पेड़ को हटाया गया और मार्ग को सुचारू किया जा सका। बिजली विभाग ने लोगों से टूटे हुए तारों और पोलों के आसपास न जाने तथा किसी भी आपात स्थिति की सूचना तुरंत विभाग को देने की अपील की है।

प्रशासन ने नागरिकों से भी सावधानी बरतने का आग्रह किया है।

## सेवा सरोकार के कार्य कर बासोतिया को दी भावभीनी श्रद्धांजलि



निलेश मुद्गल

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** स्थानीय बगड़ रोड स्थित नंदीशाला में विप्र फाउंडेशन जिला इकाई एवं नंदीशाला टीम के तत्वावधान में विफा संरक्षक राजेन्द्र जोशी की अध्यक्षता में विप्र चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ विजय बासोतिया के पिता नवलगढ़ निवासी ब्राह्मण समाज के रत्न, भामाशाह, उद्योगपति एवं समाजसेवी रहे स्व. गोविंदराम बासोतिया की स्मृति में सेवा एवं सरोकार के कार्य कर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के तहत घुमंतू निराश्रित गायों एवं नंदियों को हरा चारा, हरी सब्जियां एवं फल खिलाए गए। परिंदों के लिए पेयजल हेतु परिंडे लगाकर दाना-पानी की व्यवस्था की गई। कीड़ी नगरों को सींचा गया तथा पौधरोपण कर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उपस्थित लोगों ने बासोतिया के चित्र के समक्ष दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई थी। विप्र फाउंडेशन एवं गौड़ ब्राह्मण महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष उमाशंकर महमिया ने कहा कि बासोतिया ने समाज उत्थान, शिक्षा, धार्मिक एवं जनकल्याण के कार्यों में उल्लेखनीय योगदान देकर समाज में एक प्रेरणादायी पहचान बनाई। उनका निधन समाज के लिए अपूरणीय क्षति है।

विफा जिलाध्यक्ष कमलकांत शर्मा ने कहा कि सेवा, संस्कार और समाजहित के प्रति उनका समर्पण सदैव स्मरणीय रहेगा। इस अवसर पर संरक्षक एडवोकेट सुशील जोशी, संगठन महामंत्री रामगोपाल महमिया, मंत्री रमेश चौमाल, तहसील अध्यक्ष अनिल जोशी, मनोज व्यास, डब्ल्यू सुरोलिया, डॉ भावना शर्मा, सपना राणासरिया, अमृत जोशी, श्यामसुंदर दाधीच, राकेश सहल, सुभाष जोशी, शिक्षाविद अशोक दाधीच, प्रमोद टीबड़ा, योग शिक्षक सूरज कुमार, संगीता गुप्ता, सुनीता केडिया, उमा ढेडिया, अनुराधा सहित गणमान्यजन ने उपस्थित रहकर बासोतिया को श्रद्धासुमन अर्पित किए।

## शहीद विजेंद्र सिंह की स्मृति में क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ

निसं

**खेतड़ी ( नवयत्न )** खेतड़ी उपखंड के दलेलपुरा में शहीद विजेंद्र सिंह की स्मृति में क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक इंजी धर्मपाल गुर्जर थे जबकि अध्यक्षता दिग्विजय सिंह ने की। कार्यक्रम के दौरान सर्वप्रथम अतिथियों ने विधिवत रूप से फीता काट कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक इंजी धर्मपाल गुर्जर ने कहा कि इस प्रकार के खेलों का ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजन होने से ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाओं को आगे आने में बेहतर अवसर मिल पाते हैं। अधिकांश गांवों में खेल की सुविधाएं नहीं होने के कारण खिलाड़ियों को आगे बढ़ने में मौका नहीं मिल पाता है। खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने में प्रेरित करने के लिए सरकार को महत्वपूर्ण कदम उठाने चाहिए तथा गांव-गांव में खेलों का



माहौल बनाकर उच्च स्तरीय व्यवस्थाओं से युवाओं को उपलब्ध करवाई जानी चाहिए। आज के समय में युवा मोबाइल की लत का शिकार होने से खेलों से पिछड़ रहा है। मोबाइल की लत का शिकार होने से युवा अपराध की ओर अग्रसर हो रहा है, जिससे उनके भविष्य पर गहरा प्रभाव पड़ रहा है। युवाओं को खेलों के प्रति अग्रसर करने के लिए सरकार को महत्वपूर्ण कदम उठाए जाने चाहिए। युवाओं को अपने भविष्य को लेकर एक लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ना चाहिए एवं देश के महान महापुरुषों से प्रेरणा लेकर अपने जीवन को बेहतर बनाना चाहिए। प्रतियोगिता के संयोजक सोनू ताखर ने बताया कि इस प्रतियोगिता में 32 टीमें भाग ले रही है। उद्घाटन मैच शिव कॉलोनी दलेलपुरा व नेहरा की ढाणी की टीमों के बीच खेला गया, जिसमें नेहरा की ढाणी की टीम विजेता रही। इस दौरान ग्रामीणों की ओर से अतिथियों का माल्यार्पण कर सम्मान किया। इस मौके पर दिग्विजय सिंह ताखर, अशोक ताखर, आशीष ताखर, सुनील जाखड़, विकास, भूपेश, संदीप कुमार, भूपेश, नरेश कुमार, संतोष कुमार, अजय कुमार, विद्याधर, राधेश्याम सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद रहे।

## हरियाणा में सड़क हादसा : शिमला गांव की दो महिलाओं की मौत, दो घायल





निसं

**खेतड़ी ( नवयत्न )।** नारनौल क्षेत्र के अकबरपुर फ्लाईओवर के पास शनिवार को हुए सड़क हादसे में झुंझुनू जिले के एक परिवार की दो महिलाओं की मौत हो गई जबकि तीन अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस ने पीड़ित पक्ष की शिकायत पर अज्ञात इनोवा चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में गांव शिमला तहसील खेतड़ी निवासी नरेश कुमार ने बताया कि वह अपनी मां कमला, चाचा दुलीचंद, चाची भतेरी और चचेरे भाई नवनीत के साथ महेंद्रगढ़ जिले के नांगल कालिया गांव में रिश्तेदार ममता का हालचाल जानने जा रहे थे। नरेश अपनी बाइक पर मां कमला और नवनीत को लेकर चल रहा था जबकि दुलीचंद अपनी मोटरसाइकिल पर पत्नी भतेरी के साथ सवार था। जब वे अकबरपुर फ्लाईओवर के पास टोल टैक्स के नजदीक पहुंचे तो दुलीचंद की मोटरसाइकिल पंचर हो गई। इसके बाद दोनों बाइक को सड़क किनारे खड़ा कर सभी लोग नीचे उतर गए। इसी दौरान नारनौल की ओर से तेज रफ्तार और लापरवाही से आ रही एक इनोवा कार के ड्राइवर ने पहले बाइक को टक्कर मारी और फिर सड़क किनारे खड़े पांचों लोगों को अपनी चपेट में ले लिया।

हादसे में कमला, भतेरी, दुलीचंद और नवनीत गंभीर रूप से घायल हो गए जबकि नरेश को मामूली चोटें आईं। प्रत्यक्षदर्शियों की मदद से घायलों को एंबुलेंस द्वारा नांगल चौधरी और बाद में नारनौल के सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया। गंभीर हालत के कारण कुछ घायलों को जयपुर रैफर किया गया। नारनौल के सरकारी अस्पताल में चिकित्सकों ने कमला देवी को मृत घोषित कर दिया। वहीं जयपुर में उपचार के दौरान भतेरी ने भी दम तोड़ दिया। अन्य घायलों का उपचार जारी है। शिकायतकर्ता के अनुसार दुर्घटना करने वाली इनोवा गाड़ी थी। हादसे के बाद चालक कुछ देर रुका लेकिन मौके पर भीड़ जुटने पर वाहन लेकर नांगल चौधरी की ओर फरार हो गया। पुलिस ने अस्पताल से मेडिकल रिपोर्ट और अन्य दस्तावेज प्राप्त कर लिए हैं।

मामले में संबंधित वाहन चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने, दुर्घटना करने और मौत का कारण बनने सहित विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# पुलिस ने निकाली जागरूकता रैली




अबूबकर बल्खी

**लाडनूं ( नवयत्न )।** डीडवाना-कुचामन जिला पुलिस अधीक्षक डॉ प्यारेलाल शिवरान के निर्देशानुसार रविवार को लाडनूं में संडे ऑन साइकिल अभियान के तहत साइकिल रैली का आयोजन किया गया। रैली का नेतृत्व थाना प्रभारी शंभू दयाल मीणा ने किया। साईकिल रैली बस स्टैंड से शुरू होकर गौरव पथ सहित विभिन्न मार्गों से होकर निकाली गई। इस दौरान पुलिस जवानों ने साइकिल चलाकर आमजन को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, ईंधन की बचत करने तथा पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। सीआई शंभू दयाल मीणा ने बताया कि नियमित रूप से साइकिल का उपयोग करने से न केवल स्वास्थ्य बेहतर रहता है बल्कि प्रदूषण में कमी आने के साथ ईंधन की भी बचत होती है। संडे ऑन साइकिल अभियान का उद्देश्य लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक बनाना और फिटनेस के लिए प्रेरित करना है। रैली में बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारी एवं आरएसी जवान मौजूद रहे।

## श्रीयादे त्रिवेणी धाम में पाटोत्सव को लेकर मीटिंग आयोजित

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** श्रीयादे माता मंदिर त्रिवेणी धाम के पावन प्रांगण में रविवार को आगामी माह में होने वाले 31 वे वार्षिक पाटोत्सव, भंडारा एवं प्रतिभा सम्मान समारोह के उपलक्ष में महंत प्रहलाद दास महाराज की अध्यक्षता में एक मीटिंग का आयोजन किया गया जिसमें समाज बंधु शामिल हुए व विचार विमर्श कर कई निर्णय लिए गए। पाटोत्सव व प्रतिभा सम्मान समारोह के लिए नई समिति का गठन किया गया जो कार्यक्रम आयोजन की समाप्ति के साथ ही विसर्जित हो जाएगी। साथ ही टेंट व्यवस्था, भोजन व्यवस्था, फोटो ग्राफर व्यवस्था, चंदा सहयोग व्यवस्था, गाड़ियों की व्यवस्था, स्टेज व्यवस्था, मंच संचालन व्यवस्था, अंक तालिका संग्रह व्यवस्था, भोजन प्रसादी वितरण व्यवस्था, अन्य सभी व्यवस्थाओं की रूपरेखा सर्वसम्मति से बनाई गई।

जो समाज बंधु इस मीटिंग में उपस्थित रहे उनमें सुरेश कुमार, मूलचंद, शिशुपाल, मदन लाल, रामू, गोपाल खाटूवाल, रामचंद्र, जय राम, शंभू, सुरेंद्र, सुवालाल, नंदलाल, पप्पू अजीतगढ़, रामनिवास, बहादुर सिंह, मोहनलाल शास्त्री, बाबूलाल, गोकुलचंद, रिछपाल आदि लोग उपस्थित रहे।

# भारत का हर एक ऐतिहासिक अजूबा दिल्ली के इस पार्क में देखने को मिलेगा आपको

अच्छा आपसे कुछ आसान सवाल पूछते हैं– अगर आपको ताजमहल देखना हो तो आप कहां जाएंगे? चलिए एक और आसान सवाल– आपको हवा महल देखना हो तो फिर आप कहां जाएंगे? सबसे आसान सवाल कि कुतुब मीनार देखने आप कहां जाएंगे? शायद आप क्रमशः बोलेंगे कि ताजमहल देखने आगरा, हवा महल जयपुर और कुतुब मीनार देखने दिल्ली जाएंगे। अगर आपसे यह बोला जाए ताजमहल, कुतुब मीनार, हवा महल और चार मीनार से लेकर गेटवे ऑफ इंडिया जैसे भारत के ऐतिहासिक अजूबों को एक साथ और एक ही जगह पर देख सकते हैं, तो फिर आपका जवाब क्या होगा?

**भारत दर्शन पार्क कहां है :** भारत दर्शन पार्क राजधानी दिल्ली में है। इस खूबसूरत पार्क को दिल्ली के पंजाबी बाग में बनाया गया है। भारत दर्शन पार्क, पंजाबी बाग के जेजे कॉलोनी और मोती नगर के बीच में मौजूद है।

**भारत दर्शन पार्क की खासियत :** भारत दर्शन पार्क की खासियत जानने के बाद आप यहां घूमने पर मजबूर हो जाएंगे। जी हां, इस पार्क के बारे कहा जा रहा है कि यहां निर्मित इमारत, महल, फोर्ट और मंदिर को किसी खास चीज से नहीं, बल्कि कबाड़ से बनाया गया है। जी हां, इस पार्क में मौजूद हर चीजों को कबाड़ की मदद से इस कदर बनाया गया है कि आप देखते ही रह जाएंगे। रात के समय जब लाइट्स जलती है, तो महल, फोर्ट या मंदिर की खूबसूरती देखने लायक होती है।

**कबाड़ से बनी करीब 21 ऐतिहासिक स्मारक :** भारत दर्शन पार्क करीब 8.5 एकड़ में फैला हुआ है। कहा जा रहा है कि इस पार्क में करीब 21 ऐतिहासिक स्मारकों को देखा जा सकता है। इस पार्क के बारे में यह भी बोला जा रहा है कि यहां करीब 14 राज्यों के 21 ऐतिहासिक स्मारकों को बेहद ही सुंदर और खूबसूरत रूप दिया गया है। भारत दर्शन पार्क के कहा जा रहा है कि इसे बनाने में करीब 22 महीने का समय लगा। वहीं करीब 150 से भी अधिक कारीगरों इन 21 ऐतिहासिक स्मारकों को बनाने में करीब 250 से 300 टन स्क्रैप का इस्तेमाल किया था।

**इन ऐतिहासिक स्मारकों को देख सकते हैं :** भारत दर्शन पार्क में आप उन तमाम ऐतिहासिक स्मारकों को एक साथ देख सकते हैं, जिन्हें अब तक आप वीडियो या किताबों में पढ़ते रहे हैं। जी हां, आप इस पार्क में ताजमहल, हवा महल, चारमीनार, खजुराहो मंदिर, कुतुबमीनार,अजंता एलोरा गुफाएं, मैसूर पैलेस, कोणार्क मंदिर, नालंदा विश्वविद्यालय, रामेश्वरम और गेटवे ऑफ इंडिया जैसे तमाम ऐतिहासिक स्मारकों को देख सकते हैं।

### भारत दर्शन पार्क में घूमने का समय और टिकट

**पार्क में घूमने का समय** – सुबह 10 बजे से लेकर शाम 10 बजे तक।


**पार्क कब बंद रहता है** – यह पार्क सोमवार और नेशनल हॉलीडे के दिन बंद रहता है।

**टिकट** – वयस्क लोगों के लिए 100 रुपये और 12 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए 50 रुपये।

**नोट :** आप ऑनलाइन टिकट भी बुक कर सकते हैं।

**नोट :** अगर शाम 4 बजे के बाद लाइट शो देखने जाते हैं, तो वयस्क लोगों के लिए 150 रुपये और 12 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए 75 रुपये का टिकट लगता है। हालांकि, यह टिकट 4 घंटे घूमने के लिए वैध होता है। यह प्रीमियम टिकट होता है।

**भारत दर्शन पार्क कैसे पहुंचे :** भारत दर्शन पार्क आप आसानी से पहुंच सकते हैं। पार्क के सबसे पास में पंजाबी बाग मेट्रो स्टेशन है। मेट्रो स्टेशन से ऑटो या टैक्सी लेकर आराम से भारत दर्शन पार्क पहुंच सकते हैं।



# हरियाणा में फेमस है श्री कृष्ण के ये मंदिर आप भी बनाएं होली से पहले दर्शन का प्लान

**बुराई पर अच्छाई की जीत माना जाने वाला महाभारत युद्ध हरियाणा की धरती पर ही हुआ था। यहां पर ही श्री कृष्ण ने अर्जुन को कर्तव्य का बोध कराया था और वह युद्ध में उनके सारथी भी बने थे। इसलिए हरियाणा का श्री कृष्ण से गहरा नाता माना जाता है।**





## चुलकाना धाम

हरियाणा के पानीपत के समालखा कस्बे में स्थित इस धाम की महिमा निराली है। यहां हर दिन आपको लोगों की भीड़ देखने को मिलेगी। यह मंदिर समालखा से 5 किमी दूर चुलकाना गांव में स्थित है। माना जाता है कि यह मंदिर वह जगह है, जहां बाबा खाटू श्याम ने अपने शीश का दान दिया था। खाटू श्याम भगवान कृष्ण के ही अवतार माने जाते हैं।

## श्री राधा कुंज बिहारी मंदिर

यमुनानगर में स्थित यह मंदिर सभी भक्तों के लिए हर दिन खुला रहता है। रविवार के दिन यहां भक्तों को भोजन भी करवाया जाता है। यहां आप जगाधरी वर्कशॉप रेलवे स्टेशन से आ सकते हैं। रेलवे स्टेशन की मंदिर की दूरी 2 किमी है।

## ज्योतिसर कुरुक्षेत्र

इस जगह का श्री कृष्ण से खास कनेक्शन है। यहां पर ही भगवान ने महाभारत युद्ध के दौरान गीता का उपदेश देने के बाद अर्जुन को अपने दिव्य स्वरुप के दर्शन करवाए थे। यहां आज भी एक बरगद का पेड़ है, जिसके बारे में कहा जाता है कि यह गीता के उपदेश का गवाह बना था।

## श्रीकृष्ण संग्रहालय, कुरुक्षेत्र

अगर आप श्रीकृष्ण के दर्शन के लिए हरियाणा में किसी मंदिर दर्शन का प्लान बना रहे हैं, तो इससे बेहतर आप श्रीकृष्ण संग्रहालय भी जा सकते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि यहां आपको भगवान कृष्ण के बारे में अद्भुत चीजें जानने का अवसर मिलेगा। यहां मूर्तिकला, चित्रों के माध्यम से भगवान कृष्ण को समझा जा सकता है। यहां आप श्री कृष्ण के सभी स्वरूपों, अवतारों और कार्यो के बारे में देख पाएंगे। श्रीकृष्ण के भक्तों को यह जगह बहुत पसंद आएगी।

# संगमरमर की कलाकृतियों के लिए भी जाना जाता है आगरा शहर







उत्तर प्रदेश में यमुना नदी के तट पर स्थित, आगरा एक लोकप्रिय पर्यटन स्थल है क्योंकि यहां दुनिया के 7 आश्चर्यों में से एक, ताज महल है। आगरा किला और फतेहपुर सीकरी किला यूनेस्को विश्व धरोहर स्थलों में शुमार है। यहां मुगल साम्राज्य के स्थापत्य इतिहास और विरासत की झलक मिलती है। इतिहास, वास्तुकला, रोमांस सभी मिलकर आगरा को सबसे अलग पर्यटन स्थल बनाते हैं इसलिए देश-विदेश के पर्यटक यहां खिंचे चले आते हैं। आगरा में समय-समय पर होने वाले कार्यक्रम भी पर्यटकों का मन मोह लेते हैं।

आगरा उत्तर प्रदेश के सबसे अधिक आबादी वाले शहरों में से एक है और यह भारत का 24वां सबसे अधिक आबादी वाला शहर है। अपने लंबे और समृद्ध इतिहास के साथ, आगरा दिल्ली और जयपुर के साथ पर्यटकों के लिए लोकप्रिय गोल्डन ट्राएंगल सर्किट का हिस्सा है। यह वाराणसी और लखनऊ सहित उत्तर प्रदेश हेरिटेज आर्क का भी हिस्सा है। इतिहास में रुचि रखने वालों और वास्तुकला के शौकीनों को मुगल कला और संस्कृति की झलक पाने के लिए यहां आना ही चाहिए। अपने स्मारकों के अलावा, आगरा में खाने के शौकीनों के लिए कुछ रोमांचक चीजें हैं। आगरा अपने पेठे (कद्दू से बनी और गुलाब जल और केसर से बनी एक मिठाई) के लिए उतना ही प्रसिद्ध है जितना कि ताज महल के लिए। आगरा अपनी संगमरमर की कलाकृतियों के लिए भी जाना जाता है, जिन्हें सदर बाजार या किनारी बाजार क्षेत्र में सबसे ज्यादा खरीदा जाता है। आगरा का दौरा ज्यादातर नई दिल्ली या उत्तर प्रदेश के अन्य नजदीकी शहरों से एक दिवसीय यात्रा के तौर पर किया जाता है। यदि आप भी आगरा आ रहे हैं तो चकित, प्रेरित और रोमांचित होने के लिए तैयार रहें। हालाँकि, यहां पर टूर गाइड और नकली हस्तशिल्प बेचने वाले ठगों से सावधान रहने की जरूरत है।

# पर्यटकों के लिए खास है भारत आइकॉनिक पिल्लर्स और स्तंभ

हिंदुस्तान की धरती पर प्राचीन काल से लेकर मध्यकाल में कुछ ऐसे इमारत, महल पैलेस और फोर्ट का निर्माण हुआ, जो सदियों से इतिहास के पन्नों में दर्ज है। पूर्व भारत से लेकर पश्चिम भारत और दक्षिण भारत से लेकर उत्तर भारत में ऐसे कई महल, फोर्ट, पैलेस मौजूद हैं, जो भारत के गौरवशाली इतिहास को दर्शाने का आक करते हैं। महल, फोर्ट या पैलेस की तरह भारत में प्राचीन काल से लेकर मध्यकाल में कई पिल्लर्स या स्तंभ का भी निर्माण किया गया जो आज भी इतिहास की साक्षी है। जैसे-दिल्ली में स्थित कुतुब मीनार पूरे दुनिया में सबसे ऊंचे स्तंभ के रूप में फेमस है।



## लौह स्तंभ

देश की राजधानी दिल्ली में स्थित कुतुब मीनार के बारे में लगभग हर कोई जानता है। इस स्तंभ को एक्सप्लोर करने कई लोग जा भी चुके होंगे, लेकिन कुतुब मीनार से कुछ ही दूरी पर मौजूद लौह स्तंभ के बारे में बहुत कम लोग ही जानते हैं। इस प्राचीन और ऐतिहासिक स्तंभ को चंद्रगुप्त द्वितीय विक्रमादित्य द्वारा करीब 402 ईस्वी के आसपास बनवाया गया था। लौह स्तंभ की ऊंचाई करीब 7.2 मीटर और वजन 6 टन से भी अधिक है। यह करीब 1500 साल प्राचीन है। यह लौह-स्तंभ भारत के ऐतिहासिक धरोहरों में से एक है। प्राचीन भारतीय धातु कर्म की पराकाष्ठा है, जिसे देखकर सभी चकित रह जाते हैं।

## वैशाली का अशोक स्तंभ

बिहार का वैशाली जिला अपने आप एक ऐतिहासिक शहर है। बिहार का जब भी इतिहास पढ़ा जाता है, तो वैशली शहर का नाम जरूर लिया जाता है। इस खूबसूरत शहर को भगवान बुद्ध और यहां मौजूद अशोक स्तंभ जिक्र जरूर होता है। वैशाली का अशोक स्तंभ एक ऐसा स्तंभ है, जिसके शीर्ष पर केवल एक ही शेर मौजूद है, जिसे बिहार का धरोहर भी बोला जाता है। स्तम्भ के समीप एक बौद्ध मठ भी है, जिसे काफी पवित्र स्थल माना जाता है। कहा जाता है कि शेर का मुंह उत्तर दिशा और भगवान बुद्ध ने भी अपनी अंतिम यात्रा इसी दिशा में यात्रा की थी।

## सांची का स्तंभ

मध्य प्रदेश के स्थित सांची स्तूप के बारे में लगभग हर कोई जानता होगा। यह एक ऐसी जगह है, जिसे देखने के लिए हर दिन हजारों बौद्ध अनुयायी पहुंचते हैं। सांची में ही स्थित अशोक स्तंभ हजारों लोगों को आकर्षित करता है। सांची के स्तंभ के बारे में कहा जाता है कि इसका निर्माण तीसरी शताब्दी में किया गया था। इस अद्भुत स्तंभ को ग्रीको बौद्ध शैली में किया गया है। सांची के प्राचीन इतिहास के अवशेष के रूप में आज भी मौजूद है। कहा जाता है कि यह सारनाथ स्तंभ से भी काफी मिलता जुलता है।

## अशोक स्तंभ

अशोक स्तंभ के बारे में अधिक बताने की जरूरत शायद नहीं है, फिर आपको बता दें कि अशोक स्तंभ प्राचीन भारतीय इतिहास सबसे गौरवपूर्ण गाथा है। इसके बिना भारतीय लोगों की पहचान भी अधूरी है। राष्ट्रीय प्रतीक चिन्ह के रूप में फेमस अशोक स्तंभ भारत के कई शहरों में मौजूद है। इनमें से कई अशोक स्तंभ सम्राट अशोक द्वारा करवाया गया था। अशोक स्तंभ बिहार के लौरिया-नंदनगढ़ से लेकर उत्तर प्रदेश के मेरठ शहर में स्थित है। इसके अलावा प्रयागराज से लेकर सारनाथ स्तंभ में भी अशोक स्तंभ मौजूद है।





# केरल की इन जगहों पर जाने के बाद भूल जाएंगे विदेश जाने का सपना, हनीमून के लिए बनाएं यहां जाने का प्लान

केरल अपनी हरियाली, शीतलता और शांति के लिए कपल्स के बीच काफी फेमस है। हनीमून के लिए जगह ढूंढ रहे लोगों की लिस्ट में केरल का नाम जरूर होता है। लेकिन अक्सर कम जानकारी की वजह से लोग केरल का हनीमून प्लान कैंसिल कर देते है, क्योंकि वह जगह का सही सिलेक्शन नहीं कर पाते।

**पूवार :** हनीमून का प्लान बना रहे हैं, तो मज़ेदार वॉटर स्पोर्ट्स या पार्टनर के साथ क्रूज़ पर रात गुजारना जिंदगी भर के लिए यादगार हो जाएगा। यहां कपल्स के लिए एक ऐसा मशहूर बीच है, जहां हर साल लोखों पर्यटक आते हैं। साथ ही, यहां आप फ्लोटिंग कॉटेज का मजा ले सकते हैं। हनीमून की रात तैरते हुए कॉटेज पर गुजारना आपकी पार्टनक को काफी पसंद आएगा। पक्षियों की चहचहाहट और पानी की कल-कल ध्वनि के साथ हनीमून ट्रिप प्लान करना आपके लिए फायदेमंद हो सकता है। अगर आप रेल मार्ग से ट्रिप प्लान कर रहे हैं, तो पूवर जाने के लिए आपको परसाला रेलवे स्टेश पहुंचना होगा। यहां से पूवर लगभग 9 किमी पूर्व में पड़ता है। इसके अलावा हवाई मार्ग से जा रहे हैं तो तिरुवनंतपुरम अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से जा सकते हैं। यहां से पूर्व की दूरी 126 किमी है।

**कोझिप्पारा :** पूवार में रात गुजारने के बाद हनीमून के दूसरे दिन आप कोझिप्पारा के खूबसूरत जंगलों और नदियों का नजारा देखने जा सकते हैं। यहां आपको पार्टनर के साथ ट्रैकिंग करने का मजा मिलेगा, साथ ही आप वन्य जीवन का भी आनंद ले सकते हैं। यहां का कोझिप्पारा झरना केरल के सबसे अच्छे झरनों में से एक माना जाता है।

**वर्कला :** यह जगह केरल की सबसे फेमस जगह है। यहां पहाड़ों और समुद्र का नजारा एक साथ देखना बेहद सुंदर लगता है। इसलिए अगर आप केरल में हनीमून बनाने का प्लान बना रहे हैं, तो वर्कला जाना चाहिए।

**फोर्ट कोच्चि :** वर्कला के सिवा आप फोर्ट कोच्चि यानि ओल्ड कोच्चि का प्लान बना सकते हैं। यहां का डच पैलेस काफी फेमस है, इसके अलावा आप इंडो-पुर्तगाली संग्रहालय और सांता क्रूज़ कैथेड्रल बेसिलिका भी घूमने जा सकते हैं।



# जिंक फुटबॉल गर्ल्स एकेडमी ने अपने पहले ही सीजन में राजस्थान लीग सीनियर विमेंस ए डिवीजन का खिताब जीता

निसं



**उदयपुर ( नवयत्न )।** हिंदुस्तान जिंक की जिंक फुटबॉल एकेडमी ने राजस्थान लीग सीनियर विमेंस ए डिवीजन 2025-26 का चैंपियन बनकर इतिहास रच दिया है। जावर स्थित एकेडमी की लड़कियों ने शानदार दबदबा दिखाते हुए अपने आखिरी लीग मैच में रियल जयपुर एफसी को 8-0 से हराया और अपना पहला राज्य स्तरीय खिताब जीता। साथ ही उन्होंने इंडियन विमेंस लीग 2 में ऐतिहासिक प्रमोशन भी हासिल किया। जिंक फुटबॉल में गर्ल्स एकेडमी की शुरुआत का यह पहला ही साल है। इस शानदार जीत के साथ जेडएफए ने इस सीज़न में एक बड़ी ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है, इससे पहले पुरुषों की टीम ने भी राजस्थान लीग सीनियर मेन्स ए डिवीजन का खिताब जीता था। खास बात यह है कि लड़कों की एकेडमी की सफलता को दोहराते हुए लड़कियों ने टूर्नामेंट की सबसे युवा टीम के साथ यह कारनामा कर दिखाया। एकेडमी की टीम की औसत उम्र सिर्फ15 साल और 8 महीने थी। राजस्थान फुटबॉल एसोसिएशन द्वारा आयोजित इस कड़े मुकाबले वाले टूर्नामेंट में राज्य की पांच शीर्ष टीमों रियल जयपुर एफसी, मगन सिंह राजवी एफए, जयपुर सिटी एफसी, रॉयल एफसी जयपुर और जिंक फुटबॉल एकेडमी ने हिस्सा लिया। जिंक फुटबॉल की लड़कियों ने पूरी लीग में अपना जलवा दिखाया और 8 मैचों में 7 जीत और सिर्फ एक हार के साथ 21 अंक हासिल किए। टीम ने अपने 8 मैचों में कुल 24 गोल किए और सिर्फ 5 गोल खाए। आखिरी मैच के दिन जेडएफए के लिए रियल जयपुर एफसी के खिलाफ जीतना जरूरी था और इस मैच में लड़कियों की परिपक्वता और हिम्मत साफदिखी। मिडफील्डर अंतरा डोलुई ने शानदार हैट्रिक के साथ अटैक की कमान संभाली जबकि विंगर डांगी मार्डी ने बेहतरीन दो गोल किए। प्रियंका, जोहा और बिंदिया कुमारी मीणा के शानदार गोलों ने प्रतिद्वंद्वी टीम पर 8-0 की जबरदस्त जीत पक्की कर दी। इस चैंपियनशिप में जावर की स्थानीय प्रतिभाओं का शानदार प्रदर्शन सबसे खास रहा। गीत मीणा, बिंदिया कुमारी मीणा, मनीषा पटेल और सविता कालबेलिया जैसी स्थानीय खिलाड़ियों ने पूरे सीजन में अहम भूमिका निभाई। इससे यह साबित हुआ कि सही मंच मिलने पर ग्रामीण भारत में भी विश्व-स्तरीय खेल प्रतिभा मौजूद है। 2025 में शुरू हुई जिंक फुटबॉल गर्ल्स एकेडमी का पहला साल बेहद कामयाब और ट्रॉफी से भरा रहा। राज्य स्तर का यह ऐतिहासिक खिताब जीतने से पहले, ये लड़कियाँ दून कप, अस्मिता लीग कप और डीएवी अंडर-19 नेशनल्स भी जीत चुकी थीं। इस तरह 12 महीने से भी कम समय में यह उनकी चौथी बड़ी जीत थी। राजस्थान फुटबॉल एसोसिएशन के सेक्रेटरी और राजस्थान ओलंपिक्स एसोसिएशन के जॉइंट सेक्रेटरी, दिलीप सिंह शेखावत ने कहा मैं जिंक फुटबॉल गर्ल्स एकेडमी को शानदार जीत पर बधाई देता हूँ। मुझे बहुत खुशी है कि उदयपुर की अत्याधुनिक एकेडमी की सबसे युवा टीम ने राजस्थान की शीर्ष टीमों के साथ कड़ा मुकाबला किया और सीनियर महिला लीग जीती। इसमें कोई शक नहीं कि ये प्रतिभाशाली युवा खिलाड़ी राजस्थान और पूरे भारत में फुटबॉल के उज्ज्वल भविष्य का प्रतिनिधित्व करते हैं। हम उन्हें शुभकामनाएँ देते हैं। 2017 में स्थापित जिंक फुटबॉल एकेडमी वेदांता जिंक फुटबॉल एंड स्पोर्ट्स फाउंडेशन का हिस्सा है। यह हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड की एक सामाजिक पहल है और इसने ग्रामीण भारत से फटबॉल की जमीनी प्रतिभाओं को निखारने में अहम भूमिका निभाई है। जावर में स्थित एआईएफएफ से मान्यता प्राप्त इस 3-स्टार एकेडमी ने अपनी शुरुआत से अब तक 5000 से ज्यादा युवा फुटबॉल खिलाड़ियों को ट्रेनिंग दी है। यह संस्थान लड़कियों के लिए भारत की सबसे बड़ी रेजिडेंशियल फुटबॉल एकेडमी भी है, जो बेहतरीन ट्रेनिंग का माहौल देती है। खेल के मैदान के अलावा एकेडमी विकास के समग्र दृष्टिकोण को अपनाती है, जिसमें बेहतरीन एथलेटिक कोचिंग के साथ-साथ मजबूत एकेडमिक सपोर्ट और व्यक्तित्व विकास के व्यापक कार्यक्रम शामिल हैं। जेडएफए युवा फुटबॉल के क्षेत्र में एक प्रतिष्ठित संस्था के रूप में उभरी है, जिसने एआईएफएफ युवा लीग जैसी राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। अकादमी की बढ़ती प्रतिष्ठा साहिल पूनिया, प्रेम हंसदक और राजरूप सरकार जैसे खिलाड़ियों की सफलता की कहानियों में भी झलकती है, जिन्होंने विभिन्न आयु वर्गों में भारत का प्रतिनिधित्व किया है। वेदांता समूह की कंपनी और विश्व की सबसे बड़ी एकीकृत जस्ता उत्पादक कंपनी, हिंदुस्तान जिंक, विभिन्न सामाजिक हस्तक्षेपों और सामुदायिक विकास पहलों के माध्यम से समग्र सामुदायिक विकास के अपने दृष्टिकोण को आगे बढ़ा रही है। यह शिक्षा को बढ़ावा देने, कौशल विकास करने, स्थायी आजीविका को सक्षम बनाने, महिलाओं को सशक्त बनाने, स्वास्थ्य सेवा को मजबूत करने और पर्यावरण संरक्षण पर केंद्रित है। 4100 से अधिक गांवों में फैली अपनी उपस्थिति के साथ हिंदुस्तान जिंक 26 लाख से अधिक लोगों के जीवन को सकारात्मक रूप से बदल रहा है और समावेशी विकास और दीर्घकालिक सामाजिक प्रभाव को बढ़ावा देने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। द फुटबॉल लिंक द्वारा रणनीति और कार्यान्वयन भागीदार के रूप में समर्थित, यह अकादमी राजस्थान और भारतीय फुटबॉल दोनों के सुधार के लिए दृढ़ प्रतिबद्धता दर्शाती है। इसने लगभग पांच दशकों से खेल को बढ़ावा दिया है जिसकी शुरुआत 1976 में जावर स्थित अपने फुटबॉल स्टेडियम से हुई थी, जहां वार्षिक राष्ट्रीय फुटबॉल टूर्नामेंट आयोजित होते रहते हैं। फुटबॉल के अलावा एथलेटिक्स, कबड्डी और वॉलीबॉल जैसे खेलों में भी कंपनी जमीनी स्तर पर प्रतिभाओं का पोषण करती है। इसके वेदांता जिंक सिटी हाफ मैराथन ने उदयपुर को वैश्विक दौड़ मानचित्र पर एक खास स्थान दिलाया है। द फुटबॉल लिंक के स्ट्रैटेजी और इम्प्लीमेंटेशन पार्टनर के तौर पर सहयोग से चल रही यह अकादमी, ग्रासरूट लेवल पर बेहतरीन काम करने और राजस्थान व भारतीय फुटबॉल को बेहतर बनाने के लिए हिंदुस्तान जिंक की प्रतिबद्धता को दिखाती है। इसने लगभग पांच दशकों से इस खेल को बढ़ावा दिया हैय इसकी शुरुआत 1976 में जावर में बने फुटबॉल स्टेडियम से हुई थी, जहाँ आज भी हर साल नेशनल फुटबॉल टूर्नामेंट होते हैं। फुटबॉल के अलावा एथलेटिक्स, कबड्डी और वॉलीबॉल जैसे खेलों में भी कंपनी ग्रासरूट लेवल पर टैलेंट को निखारती है। इसकी श्वेदांता जिंक सिटी हाफ मैराथन ने उदयपुर को ग्लोबल रनिंग मैप पर पहचान दिलाई है।

## चार करोड़ की मादक पदार्थ सहित दो अंतर्राज्यीय तस्कर गिरफ्तार

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** जयपुर पुलिस कमिश्नरेट स्पेशल टीम ने नशा तस्करों के खिलाफचलाए जा रहे ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत कार्रवाई करते हुए करीब 23 क्विंटल अवैध डोडा चूरा बरामद किया है। सीएसटी ने बस्सी थाना पुलिस के साथ संयुक्त कार्रवाई में पुलिस ने दो अंतर्राज्यीय तस्करों को गिरफ्तार किया है। बरामद मादक पदार्थ की अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब चार करोड़ रुपए आंकी गई है। फिलहाल आरोपितों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त अपराध संजीव नैन ने बताया कि सीएसटी टीम ने अवैध मादक पदार्थ तस्करों के नेटवर्क की निगरानी कर पुख्ता सूचना के आधार पर बस्सी थाना क्षेत्र में नाकाबंदी की है। पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान संदिग्ध ट्रक को रोककर तलाशी ली। ट्रक में प्लास्टिक के 91 कट्टों में भरा करीब 23 क्विंटल डोडा चूरा मिला। पुलिस ने ट्रक को जब्त कर मौके से तस्कर शाहिद खान निवासी मोडर रांची झारखंड तथा सायर राम जाट निवासी बिलाड़ा जिला जोधपुर को को गिरफ्तार किया है। पुलिस जांच में सामने आया कि तस्कर खेप को सुरक्षित गंतव्य तक पहुंचाने के लिए ट्रक के आगे एक इनोवा क्रिस्टा चला रहे थे। यह वाहन रास्ते की रेकी करने और पुलिस गतिविधियों पर नजर रखने का काम कर रहा था। पुलिस ने इनोवा को भी जब्त कर वाहन पर लगे नंबरों की भी जांच की जा रही है। वहीं पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि डोडा चूरा की यह खेप कहां भेजी जानी थी तथा इसके पीछे सक्रिय मुख्य सरगना कौन है।

## चिकित्सकों ने अवेक ब्रेन सर्जरी से 29 वर्षीय मरीज की बोलने की क्षमता बचाई

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** नारायणा हॉस्पिटल जयपुर के न्यूरोसर्जरी विभाग ने अत्यंत जटिल और संवेदनशील ब्रेन ट्यूमर के एक मामले में सफलता हासिल करते हुए 29 वर्षीय मरीज की बोलने की क्षमता को सुरक्षित रखा है। मरीज के मस्तिष्क के उस हिस्से में ट्यूमर था, जो सीधे तौर पर बोलने और संवाद करने की क्षमता को नियंत्रित करता है। ऐसे चुनौतीपूर्ण मामले में विशेषज्ञ चिकित्सकों ने अत्याधुनिक अवेक ब्रेन सर्जरी तकनीक का उपयोग कर सफल उपचार किया। अस्पताल के अनुसार ट्यूमर मस्तिष्क के स्पीच डॉमिनेंट एरिया में स्थित था। सामान्य सर्जरी की स्थिति में मरीज की बोलने की क्षमता स्थायी रूप से प्रभावित होने का खतरा था। मरीज दूसरों की बात समझ सकता था लेकिन अपनी बात स्पष्ट रूप से व्यक्त करने में कठिनाई महसूस कर रहा था। सर्जरी के दौरान मरीज को पूरी तरह बेहोश नहीं किया गया। ऑपरेशन के समय वह होश में रहा और चिकित्सकों की टीम उससे लगातार बातचीत करती रही। मरीज को पढ़ने, सवालों के जवाब देने और विभिन्न प्रतिक्रियाएं देने के लिए कहा गया, जिससे सर्जन वास्तविक समय में यह सुनिश्चित कर सकें कि मस्तिष्क का स्पीच एरिया सुरक्षित बना रहे। नारायणा हॉस्पिटल जयपुर के वरिष्ठ न्यूरोसर्जन डॉ केके बंसल ने बताया कि ऐसे मामलों में अवेक ब्रेन सर्जरी सबसे सुरक्षित विकल्प मानी जाती है। इससे ऑपरेशन के दौरान मरीज से लगातार संवाद संभव होता है और स्पीच सहित अन्य न्यूरोलॉजिकल कार्यों को सुरक्षित रखा जा सकता है। उन्होंने कहा कि इस सर्जरी की सफलता में सही मरीज का चयन, विस्तृत प्री-ऑपरेटिव काउंसलिंग और विशेषज्ञ टीम का समन्वित प्रयास महत्वपूर्ण रहा। क्लीनिकल डायरेक्टर एवं एचओडी कार्डियक एनेस्थिसियोलॉजी डॉ प्रदीप कुमार गोयल ने बताया कि अवेक ब्रेन सर्जरी में एनेस्थीसिया प्रबंधन अत्यंत संवेदनशील होता है। मरीज को आरामदायक स्थिति में रखते हुए उसे पूरी तरह रिस्पॉन्सिव बनाए रखना बड़ी जिम्मेदारी होती है। उन्नत मॉनिटरिंग तकनीकों और मल्टीडिसिप्लिनरी टीम के समन्वय से पूरी प्रक्रिया को सुरक्षित रूप से संपन्न किया गया।

## सुरेरा में रोडवेज बस नहीं रुकने से यात्रियों में रोष

### चालक को पाबंद करने की मांग

प्रदीप सैनी

**दांतारामगढ़ ( नवयत्न )।** सुरेरा में डीडवाना डिपो की रोडवेज बस द्वारा निर्धारित बस स्टॉप पर नहीं रुकने से यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि डीडवाना से जयपुर जाने वाली रोडवेज बस सुरेरा के सिपले वाले बालाजी मंदिर द्वारा स्थित बस स्टैंड पर बिना रुके बाईपास से निकल जाती है, जिससे यात्रियों को मजबूरी में निजी बसों का सहारा लेना पड़ता है। जानकारी के अनुसार डीडवाना डिपो की यह बस डीडवाना से चलकर कुचामण, कुकनवाली, पांचवा, नगवाड़ा, मोतीपुरा, सुरेरा, डांसरोली, रेनवाल और जोबनेर होते हुए जयपुर पहुंचती है तथा इसी मार्ग से वापस लौटती है। सुरेरा गांव के अंदर बस नहीं जाने के बावजूद यात्री बाइपास स्थित सिपले वाले बालाजी मंदिर द्वारा के पास बने बस स्टैंड पर बस का इंतजार करते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि रविवार को दोपहर करीब ढाई बजे यात्री रघुनाथ प्रसाद चितावा जाने के लिए बस स्टैंड पर खड़े थे। उन्होंने बस को रोकने का प्रयास भी किया लेकिन रोडवेज चालक बस को बिना रोके आगे निकल गया। इससे उन्हें काफी परेशानी हुई। ग्रामीणों ने बताया कि इससे पहले भी जयपुर जाने वाली कई सवारियां बस का इंतजार कर रही थी लेकिन बस नहीं रुकने के कारण उन्हें निजी बसों में अधिक किराया देकर यात्रा करनी पड़ी। ग्रामीणों ने रोडवेज प्रशासन से मांग की है कि संबंधित चालक के खिलाफ कार्रवाई की जाए तथा उसे निर्धारित बस स्टॉप पर बस रोकने के लिए पाबंद किया जाए। ग्रामीणों का कहना है कि यदि चालक यात्रियों की सुविधा का ध्यान नहीं रखता है तो उसे इस रूट से हटाया जाए।

**इनका कहना है**

डीडवाना डिपो के यातायात प्रबंधन सुजल कुमार से दूरभाष पर संपर्क करने पर उन्होंने बताया कि सुरेरा के सिपले वाले बालाजी मंदिर द्वारा स्थित बस स्टैंड पर बस नहीं रुकने की शिकायत मिली है। उन्होंने कहा कि चालक के डिपो पहुंचने पर उससे जानकारी ली जाएगी तथा उसे निर्धारित स्टॉप पर बस रोकने के लिए पाबंद किया जाएगा।

## परिवार का मर्यादित जीवन जीना सिखाती है रामकथा : बृजभूषण महाराज

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** अजीतगढ़ के मानसागर बालाजी धाम पर जीवादास महाराज के सान्निध्य में 9 दिवसीय संगीतमय रामकथा (7 जून से 15 जून तक) के शुभारंभ पर रविवार को महिलाओं ने पारंपरिक परिधान पहनकर शहर के मुख्य मार्गो से गाजे-बाजे के साथ भव्य एवं विशाल कलशयात्रा निकाली जिसका श्रद्धालुओं ने जगह जगह पुष्पवर्षा करके स्वागत किया। मानसागर बालाजी मंदिर परिसर में प्रधान यजमान जगदीश प्रसाद सैनी ने सपत्नीक वैदिक मंत्रोच्चार से पूजा अर्चना करके रामचरित मानस को सिर पर धारण कर नगर भ्रमण करवाया। श्रद्धालुगण कलश यात्रा में डीजे की धुन पर नाचते हुए मानसागर बालाजी धाम अजीतगढ़ से कथा पांडाल पहुंचे। इस अवसर पर श्रद्धालुगण-भक्तगण, सैकड़ों गणमान्य नागरिक एवं भारी संख्या में मातृशक्ति उपस्थित रही।

## मकान पर गिरी आकाशीय बिजली, दीवार-छत में आई दरारे

निसं



**नोखा ( नवयत्न )।** नोखा क्षेत्र में शनिवार दोपहर बाद शुरू हुई बारिश देर शाम तक जारी रही। इसी दौरान काकड़ा गांव में आकाशीय बिजली गिरने से एक मकान क्षतिग्रस्त हो गया। हालांकि इस घटना में परिवार के सभी सदस्य सुरक्षित बच गए। काकड़ा निवासी अनिल बिश्नोई ने बताया कि यह घटना काकड़ा गांव के रामस्वरूप हजारीराम बिश्नोई के मकान पर हुई। बिजली गिरने से मकान को काफी नुकसान पहुंचा। घटना के समय परिवार के सदस्य घर में ही मौजूद थे लेकिन वे बाल-बाल बच गए।

### बिजली आपूर्ति बाधित

लगातार बारिश के कारण नोखा कस्बे की निचली बस्तियों में बरसाती पानी भर गया, जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। रोड़ा रोड पर एक बिजली पोल टूटकर एक मकान पर गिर गया। इससे पहले शुक्रवार रात को भी पुलिस चौकी के पास एक मकान पर बिजली का पोल गिरने की घटना हुई थी। बारिश और तेज हवाओं के चलते उपखंड मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हुई है। विभिन्न गांवों से सैकड़ों बिजली के पोल क्षतिग्रस्त होने की सूचनाएं मिली हैं, जिसके कारण कई क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित है। बिजली विभाग की टीमें आपूर्ति बहाल करने के कार्य में जुटी हुई हैं।

## सेना के जवान का हृदय गति रुकने से निधन, सैन्य सम्मान से की अंत्येष्टि

निसं



**खेतड़ी ( नवयत्न )।** खेतड़ी उपखंड के भारतीय सेना के जवान का हृदय गति रुकने से निधन हो गया। रविवार को उनके पैतृक गांव मेहाड़ा जाटुवास में सैन्य सम्मान से जवान को अंतिम विदाई दी गई। जानकारी के अनुसार हवलदार महेंद्र सिंह पुत्र चेतराम सिंह 12 जाट रेजीमेंट में मेरठ में तैनात थे। वह एक महिने पहले ही छुट्टी पर अपने गांव आकर वापस ड्यूटी पर गए थे। हवलदार महेंद्र सिंह के अचानक सीने में दर्द होने की शिकायत पर साथी जवानों के सैन्य अस्पताल में ले जाया गया। इसके बाद हालत गंभीर होने पर दिल्ली के आरआर अस्पताल में ले जाया गया, जहां शनिवार को उनका निधन हो गया। जवान का निधन होने की सूचना पर गांव में शोक की लहर दौड़ गई। इस दौरान रात को जवान महेंद्र सिंह की पार्थिव देह को थाने में लाया गया, जहां से सुबह उनकी पार्थिव देह को पैतृक गांव मेहाड़ा जाटुवास लाया गया। युवाओं ने रामपुरा स्टैंड से तिरंगा रैली निकाल कर उनके घर तक ले जाया गया। इसके बाद सैन्य सम्मान से हवलदार महेंद्र सिंह को अंतिम विदाई दी गई। हवलदार महेंद्र सिंह 2016 में भारतीय सेना में झुंझुनू से भर्ती हुए थे। उनके एक तीन साल का बेटा आरव है। जवान के पिता खेती करते है तथा एक बड़ा भाई जितेंद्र सिंह है। महेंद्र सिंह के निधन की सूचना पर परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो रहा है। इस दौरान अलवर से आई सेना की टुकड़ी ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया। सुरेंद्र सिंह फौजी ने बताया कि हवलदार महेंद्र सिंह बहुत ही बहादुर जवान थे। उनका निधन होने से क्षेत्र के लोगों को गहरा आघात लगा है। इस दौरान पूर्व मंत्री डॉ जितेंद्र सिंह, सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल सुरेश जांगिड़, करणी सेना जिलाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह, कैप्टन केसर देव, पूर्व विधायक दाताराम गुर्जर, पूर्व प्रधान मदन लाल गुर्जर, प्रभू गुर्जर राजोता, दयाराम गुर्जर, तहसीलदार सुनील कुमार मील, एएसआई पतराम, भोमाराम, सुशील घुमरिया, सुरेंद्र दायमा, सलमान खान, सत्येंद्र चौधरी, सत्यवीर सिंह सहित अनेक लोग मौजूद थे।

## चांदवा के ओबीसी प्रदेश मंत्री बनने पर ग्रामीणों ने किया अभिनंदन

निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** ढाणी कुम्हारान गांव में भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा राजस्थान के नवनियुक्त प्रदेश मंत्री महेंद्र चांदवा के प्रथम बार गांव आगमन पर ग्रामीणों, प्रबुद्धजनों एवं समाज बंधुओं द्वारा भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर गांव में उत्साह का माहौल रहा तथा ग्रामीणों ने माल्यार्पण एवं साफा पहनाकर उनका स्वागत किया। कार्यक्रम में संत सानिध्य के रूप में संन्यास आश्रम के पीठाधीश्व कृष्ण गिरी महाराज एवं कबीर आश्रम राजगढ़ के श्रद्धेय रतन दास महाराज का आशीर्वाद प्राप्त हुआ। संतों ने महेंद्र चांदवा को नवीन दायित्व के लिए शुभकामनाएं देते हुए समाज सेवा एवं जनकल्याण के कार्यों में निरंतर सक्रिय रहने का आह्वान किया। इस अवसर पर उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि महेंद्र चांदवा को प्रदेश स्तर पर महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलना पूरे क्षेत्र के लिए गौरव और सम्मान का विषय है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व एवं कार्यशैली से संगठन को नई ऊर्जा एवं मजबूती प्राप्त होगी। इस मौके पर गांव के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे। इसके अलावा तारानगर सर्किल के निकट सर्वसमाज के नागरिकों द्वारा चांदवा के सम्मान में भव्य स्वागत एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, समाजसेवियों एवं युवा साथियों ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर महेंद्र चांदवा का पुष्पमालाओं एवं साफा पहनाकर अभिनंदन किया तथा उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।




कार्यक्रम में पूर्व चेयरमैन जसवंत स्वामी, उदमीराम आईतान, रामचन्द्र आईतान, मदन गुरी, वीरबहादुर सिंह राठौड़, लीलाधर सरपंच, गोपीराम आईतान, छगनलाल, कृष्णकुमार, रमेश किरोड़ीवाल, गोपीराम फौजी, श्रीराम, भानीराम, भगवानाराम, हुणताराम, सीताराम बाबरिया, गिरधारी, विनोद बाबरिया, राजेन्द्र बागोरिया, डॉ योगेश, भूराराम, गोरीशंकर, राजवीर सिंहमार, बनवारी बाबरिया, नरसाराराम घेऊवा सहित अनेक प्रतिष्ठित नागरिकों एवं समाज बंधुओं की उल्लेखनीय उपस्थिति रही।

## अन्तर्राष्ट्रीय खाद्य दिवस पर बुकलेट वितरित



नवरतन वर्मा

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** अंतरराष्ट्रीय खाद्य दिवस अभियान के अंतर्गत स्थानीय स्टेशन रोड, अस्पताल की कैंटीन, इंदिरा रसोई व बस स्टैंड सहित बाजार में दुकानदारों को खाद्य पदार्थों के गुणवत्ता, मिलावट व साफ सफाई के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी रतनलाल गोदारा ने बताया कि दुकानदारों को खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता, स्वच्छता, मिलावट सहित कई बिंदुओं पर जानकारी देते हुए बताया कि मनुष्य के स्वास्थ्य के लिए पौष्टिक व गुणवत्ता खाद्य पदार्थ पर ध्यान देना चाहिए व फास्ट फूड से बचना चाहिए। वहीं दुकानदारों को साफ सफाई व गुणवत्ता पर ध्यान रखने की निर्देश भी दिए। खाद्य सुरक्षा संबंधित जानकारी की एक बुकलेट दुकानदारों को वितरित भी की गई।

## यातायात नियम तोड़ने वालों पर पुलिस का शिकंजा

### दो दिन में 16656 वाहनों पर कार्रवाई



**जयपुर ( नवयत्न )।** प्रदेश में यातायात नियमों की अवहेलना करने वाले वाहन चालकों और वीआईपी कल्चर का प्रदर्शन करने वालों के खिलाफ राजस्थान पुलिस का विशेष अभियान लगातार जारी है। महानिदेशक पुलिस राजीव कुमार शर्मा के निर्देश पर चलाए जा रहे महाअभियान के पांचवें और छठे दिन पुलिस ने प्रदेशभर में व्यापक नाकाबंदी और सघन जांच अभियान चलाकर 16,656 वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई की। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस यातायात डॉ बीएल मीणा ने बताया कि अभियान के तहत वाहनों में किए गए अवैध संशोधन, अनधिकृत लाल-नीली बत्तियां, फ्लैशर एवं स्ट्रोब लाइट, प्रेशर हॉर्न, काली फिल्म, नियम विरुद्ध नंबर प्लेट तथा वाहनों पर लिखे गए अनधिकृत शब्दों और चिन्हों के खिलाफसख्त कार्रवाई की जा रही है। पुलिस की कार्रवाई में सबसे अधिक मामले वाहन के शीशों पर काली फिल्म लगाने और नियमों के विपरीत नंबर प्लेटों के सामने आए। दो दिनों में काली फिल्म लगाने के 6406 तथा नियम विरुद्ध नंबर प्लेट एवं पंजीयन चिन्हों के 4621 मामले दर्ज किए गए। अभियान के दौरान वाहन पर अनाधिकृत शब्द, चिन्ह एवं लेखन के 2228, वाहन की संरचना में अवैध परिवर्तन के 1533, अनधिकृत लाल-नीली बत्ती, फ्लैशर एवं स्ट्रोब लाइट के 998 तथा प्रेशर हॉर्न एवं एयर हॉर्न के 870 मामलों में कार्रवाई की गई।

**कोटा सिटी सबसे आगे, जयपुर में भी सख्ती**

कार्रवाई के आंकड़ों के अनुसार कोटा सिटी पुलिस पूरे प्रदेश में सबसे अधिक सक्रिय रही। कोटा सिटी पुलिस ने दो दिनों में 1899 वाहनों के खिलाफ चालान एवं जब्ती की कार्रवाई की। वहीं झालावाड़ पुलिस ने अभियान के छठे दिन अकेले 813 वाहनों पर कार्रवाई कर उल्लेखनीय प्रदर्शन किया। राजधानी जयपुर में डीसीपी ट्रैफिक की टीम ने दोनों दिनों में कुल 1268 उल्लंघनकर्ताओं के खिलाफ कार्रवाई की। डॉ मीणा ने कहा कि यह अभियान केवल औपचारिकता नहीं बल्कि सड़कों को सुरक्षित बनाने का सतत प्रयास है। उन्होंने स्पष्ट किया कि अवैध रूप से बत्तियां लगाकर कानून से ऊपर दिखने की कोशिश करने वालों, प्रेशर हॉर्न से ध्वनि प्रदूषण फैलाने वालों तथा काली फिल्म की आड़ में संदिग्ध गतिविधियां संचालित करने वालों को किसी भी स्थिति में बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने आमजन से भी यातायात नियमों का पालन कर सुरक्षित यातायात व्यवस्था में सहयोग करने की अपील की।

## सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का समापन



**खेतड़ी ( नवयत्न )।** खेतड़ी उपखंड के धीरजपुरा में चल रही श्रीमद् भागवत कथा का समापन किया गया। इस दौरान ग्रामीणों ने हवन यज्ञ में आहुतियां देकर खुशहाली की कामना की। कथा के अंतिम भव्य झांकियां सजाई गई। कथा वाचक आचार्या देवी कृष्ण नंदिनी ने विस्तार से सुदामा चरित्र, परीक्षित मोक्ष, 24 गुरुओं की कथा व कलयुग का वर्णन प्रसंगों की कथाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कृष्ण सुदामा की मित्रता, विश्व में पवित्र मित्रता की एक मिसाल है। इस दौरान व्यास पीठ का पूजन मुख्य यजमान हरीद्वारी लाल शर्मा व विधा देवी ने पूजा संपन्न करवाई। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लेकर मन को शुद्ध करना चाहिए। हिंदू धर्म में गाय को माता का दर्जा दिया गया है इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को गौ माता की सेवा करने से पुण्य को हासिल किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि गौ सेवा सबसे बड़ा धर्म माना गया है। शास्त्रों के अनुसार गाय का दान करना भी मनुष्य जीवन में अति महत्वपूर्ण माना गया है। ऐसे में प्रत्येक व्यक्ति को जीव जंतुओं की रक्षा के लिए आगे आकर कार्य करने चाहिए। मनुष्य की पवित्र आत्मा एवं धार्मिक अनुष्ठानों से भगवान की दृष्टि को पाया जा सकता है। मनुष्य को अपने जीवन में शुद्ध एवं सहकारी होना चाहिए ताकि ईश्वर अपनी कृपा अपने भक्तों पर बनाकर रख सकें। हिंदू धर्म में देवी-दवताओं पूजन मात्र से ही दया दृष्टि को हासिल किया जा सकता है। समापन कार्यक्रम में श्रीकृष्ण-सुदामा की जीवंत झांकी सजाई गई। वहीं आयोजित भंडारे में सैकड़ो लोगों ने पंगत प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर आयोजित हवन की पूर्णाहुति में पवन कुमार कौशिक, बाबू सिंह, ताराचंद शर्मा, निर्मल कुमार, नीलेश शर्मा, वेदप्रकाश शर्मा, नारायण लाल शर्मा, प्यारेलाल शर्मा, पप्पू शर्मा, संत कुमार शर्मा सहित दर्जनों श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

## प्राध्यापक भर्ती परीक्षा के ड्राइंग, उर्दू व पंजाबी विषय के पेपर शांतिपूर्ण संपन्न

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से आयोजित प्राध्यापक, प्राध्यापक कृषि एवं कोच प्रतियोगी परीक्षा-2025 के अंतर्गत रविवार को जयपुर जिले में ड्राइंग, उर्दू और पंजाबी विषय की परीक्षाएं शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई। सभी परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा और प्रशासनिक व्यवस्थाएं चाक-चौबंद रहीं। परीक्षा समन्वयक एवं अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट जयपुर पूर्व नरेंद्र कुमार वर्मा ने बताया कि प्रथम पारी में आयोजित ड्राइंग विषय की परीक्षा के लिए 5944 अभ्यर्थी पंजीकृत थे। इनमें से 2220 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए जबकि 3724 अनुपस्थित रहे। इस प्रकार उपस्थिति प्रतिशत 37.35 रहा। उन्होंने बताया कि द्वितीय पारी में आयोजित उर्दू विषय की परीक्षा के लिए 5894 अभ्यर्थी पंजीकृत थे। इनमें 2430 अभ्यर्थी उपस्थित तथा 3464 अनुपस्थित रहे। इस परीक्षा में 41.23 प्रतिशत उपस्थिति दर्ज की गई। वहीं पंजाबी विषय की परीक्षा के लिए 2015 अभ्यर्थी पंजीकृत थे, जिनमें से केवल 369 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए और 1646 अनुपस्थित रहे। इस विषय में सबसे कम 18.31 प्रतिशत उपस्थिति दर्ज की गई। एडीएम वर्मा ने बताया कि सभी परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा का आयोजन शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं व्यवस्थित वातावरण में हुआ। जिला प्रशासन की ओर से सुरक्षा, यातायात, पेयजल, विद्युत तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई थीं। परीक्षा केंद्रों पर नियुक्त पर्यवेक्षकों और अधिकारियों ने आयोग के दिशा-निर्देशों की पालना कराई। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन एवं संबंधित विभागों के समन्वित प्रयासों से परीक्षा का सफल संचालन हुआ तथा किसी भी परीक्षा केंद्र से किसी प्रकार की अप्रिय घटना या अव्यवस्था की सूचना प्राप्त नहीं हुई।

## भजन संध्या आज

**मुकुंदगढ़ ( नवयत्न )।** कुंभ नाथ दरबार में संत भरपूर नाथ महाराज की पुण्यतिथि के अवसर पर आज भजन संध्या का आयोजन होगा। दरबार के सेवक रमेश कुमार ने बताया कि कामाक्षा माँ शैलेंद्र बाबा कामधेनु सेवा संस्थान ट्रस्ट के तत्वावधान में भजन संध्या का आयोजन होगा जिसमें शेखावाटी के संत एवं स्थानीय कलाकार भजनों की प्रस्तुतिया देंगे। मंगलवार सुबह समाधि पूजन, महा आरती एवं भोजन प्रसादी का आयोजन होगा। सेवक गण कार्यक्रम की तैयारी में लगे हुए है।

# संगठनात्मक विचारों के आदान-प्रदान से संगठन को मिलेगी मजबूती, संगठन का निर्णय सर्वोपरि : अजेय कुमार

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश मुख्यालय जयपुर में भाजपा प्रदेश मीडिया विभाग, प्रवक्ता-पैनेलिस्ट, आईटी एवं सोशल मीडिया विभाग की संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रदेश महामंत्री संगठन अजेय कुमार ने मीडिया, प्रवक्ता, आईटी एवं सोशल मीडिया विभाग के पदाधिकारियों के साथ विस्तृत संगठनात्मक चर्चा की। उन्होंने सभी प्रवक्ताओं एवं पदाधिकारियों से परिचयात्मक संवाद करते हुए संगठन को और अधिक सशक्त बनाने के विषय पर विचार-विमर्श किया। अजेय कुमार ने कहा कि संगठनात्मक विचारों के सतत आदान-प्रदान से संगठन को मजबूती मिलती है। पार्टी के प्रवक्ताओं एवं मीडिया से जुड़े कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है कि वे भाजपा की नीतियों, विचारधारा तथा संगठन के कार्यों को प्रभावी ढंग से जन-जन तक पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि पार्टी कार्यकर्ताओं का एक ही ध्येय होना चाहिए कि मेरी सरकार, सबसे अच्छी सरकार, इस भावना को ध्यान में रखते हुए चौपाल, सोशल मीडिया पर प्रचार-प्रसार करें। उन्होंने कहा कि संगठन हित की बातें सार्वजनिक रूप से करें तथा संगठन का निर्णय सर्वोपरि है ऐसी भावना के साथ कार्य करें। भाजपा प्रदेश महामंत्री संगठन अजेय कुमार ने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता पार्टी के संविधान एवं संगठनात्मक मर्यादाओं के अनुरूप कार्य करता है। संगठन हित से जुड़े विषयों को प्राथमिकता देते हुए केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 12 वर्षों में देश में हुए विकास कार्यों, गरीब कल्याण, महिला सशक्तिकरण, किसान हितैषी योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाई जानी चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के देशहित में लिए गए कठोर निर्णय और कुटनीतिक रणनीति के कारण आज भारत की वैश्विक स्तर पर प्रतिष्ठा बढ़ी है। उन्होंने मीडिया, सोशल मीडिया एवं आईटी विभाग के पदाधिकारियों से सकारात्मक संवाद, तथ्यात्मक प्रस्तुति और प्रभावी प्रचार-प्रसार संगठन के माध्यम से सरकार की उपलब्धियों को आमजन तक पहुंचाने का आह्वान किया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि संगठन की शक्ति उसके समर्पित कार्यकर्ताओं और प्रभावी संवाद में निहित होती है। मीडिया, सोशल मीडिया एवं आईटी विभाग वर्तमान समय में संगठन की विचारधारा, नीतियों और जनहितकारी कार्यों को समाज के विभिन्न वर्गों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं को तथ्यपरक, सकारात्मक एवं जिम्मेदार संवाद के माध्यम से जनता के बीच पार्टी की रीति-नीति और सरकार की उपलब्धियों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करना चाहिए। राठौड़ ने विश्वास व्यक्त किया कि संगठन के सभी विभाग आपसी समन्वय और टीम भावना के साथ कार्य करते हुए भाजपा को और अधिक मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देंगे। बैठक में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़, प्रदेश महामंत्री भूपेंद्र सैनी, मिथिलेश गौतम, प्रदेश मीडिया प्रभारी प्रमोद वशिष्ठ, आईटी विभाग प्रदेश संयोजक अविनाश जोशी, सोशल मीडिया विभाग प्रदेश संयोजक हिरेंद्र कौशिक, मुख्य प्रदेश प्रवक्ता रामलाल शर्मा, विधायक एवं प्रदेश प्रवक्ता कुलदीप धनकड़ सहित पार्टी के प्रवक्ता, पैनेलिस्ट, आईटी और सोशल मीडिया के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## तुरपन 2026 में दिखी युवा डिजाइनरों की रचनात्मक उड़ान

# पांच थीम आधारित कलेक्शंस ने मोहा मन

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** विवेकानंद ग्लोबल यूनिवर्सिटी के डिजाइन विभाग द्वारा आयोजित वार्षिक फैशन शो तुरपन 2026 फैशन, नवाचार और युवा रचनात्मकता का भव्य मंच बनकर उभरा। होटल क्लार्क्स आमेर में आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा तैयार किए गए पांच थीम आधारित फैशन कलेक्शंस ने दर्शकों का मन मोह लिया। फैशन को आत्म-अभिव्यक्ति, संस्कृति और नवाचार का माध्यम बताते हुए आयोजित इस शो में डिजाइनिंग की नई संभावनाओं का प्रभावशाली प्रदर्शन देखने को मिला। प्रसिद्ध फैशन क्यूरेटर अभिमन्यु सिंह तोमर के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम में फैशन और डिजाइन जगत के कई विशेषज्ञ मौजूद रहे। इंडस्ट्री ज्यूरी में सुत्रकार की संस्थापक नीरजा पासले, देसी गुलाब की सना सोनी, वर्ल्ड डिजाइन काउंसिल के फिलिप थॉमस तथा डिजाइनर राहुल टाक शामिल रहे। वहीं अकादमिक ज्यूरी के रूप में प्रांजित जेईसीआरसी, अपरणा एनआईडी कुरुक्षेत्र, और सुनील देहरादून ने विद्यार्थियों के कार्यों का मूल्यांकन किया। कार्यक्रम के दौरान आयोजित विशेष कार्यशालाओं में सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ राजस्थान, अजमेर के आर्किटेक्ट नीरज गुप्ता तथा डिजाइन विशेषज्ञ हरिशंकर बलोठिया ने विद्यार्थियों को डिजाइन उद्योग की नवीन प्रवृत्तियों, शोध और रचनात्मक प्रक्रियाओं की जानकारी दी। प्रतियोगिताओं के निर्णायक मंडल में एमएनआईटी जयपुर की आर्किटेक्ट मेनू वर्श्नेय, रूबी गोस्वामी, राहुल टाक और क्षितिज मनु शामिल रहे। फैशन शो की शुरुआत प्रेरणादायक संदेश के साथ हुई, जिसके बाद मंच पर एक-एक कर पांच विशिष्ट थीम आधारित कलेक्शंस प्रस्तुत किए गए। पहली प्रस्तुति गांठ थी, जिसमें पारंपरिक भारतीय ड्रेपिंग कला को आधुनिक दृष्टिकोण के साथ प्रस्तुत किया गया। बटन मसाला तकनीक से प्रेरित डिजाइनों में हस्तशिल्प, टेक्सचर और फ्लुइड सिल्हूट्स का आकर्षक संयोजन देखने को मिला। दूसरे कलेक्शन स्वे एंड शैडो में फ्रिंज आधारित परिधानों के माध्यम से गति और लय का अनूठा प्रदर्शन किया गया। मॉडल्स की हर चाल के साथ बदलते दृश्य प्रभावों ने दर्शकों को आकर्षित किया। तीसरे कलेक्शन स्ट्रीट नो मा में जापानी मिनिमलिज्म और समकालीन स्ट्रीट फैशन का अनूठा मिश्रण देखने को मिला। साफ-सुथरे सिल्हूट्स, मल्टी-लेयरिंग और फ्यूचरिस्टिक तत्वों ने युवाओं की बदलती फैशन सोच को दर्शाया। सबसे अवधारणात्मक प्रस्तुतियों में शामिल पंचतत्व ने पृथ्वी, अग्नि, वायु, जल और आकाश जैसे पांच मूलभूत तत्वों को फैशन के माध्यम से अभिव्यक्त किया। प्रयोगात्मक फैब्रिक्स, मूर्तिकला जैसी संरचनाएं और भविष्यवादी डिजाइन इसकी प्रमुख विशेषताएं रहीं। वहीं शो का समापन नूर-ए-जारा कलेक्शन के साथ हुआ, जिसमें समृद्ध ब्रोकेड फैब्रिक्स, बारीक हस्तकला और आधुनिक वेस्टर्न सिल्हूट्स का आकर्षक संगम देखने को मिला। शाही वैभव और आधुनिक फैशन के मेल ने दर्शकों की विशेष सराहना हासिल की। विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों की रचनात्मकता की प्रशंसा करते हुए कहा कि प्रस्तुत कलेक्शंस में शोध, शिल्पकला और समकालीन सोच का प्रभावशाली समन्वय दिखाई दिया। ज्यूरी सदस्य नीरजा पासले ने कहा कि ऐसे मंच युवा डिजाइनरों को अपनी पहचान बनाने और उद्योग की जरूरतों को समझने का अवसर प्रदान करते हैं।

फिलिप थॉमस ने विद्यार्थियों के कार्यों में वैश्विक डिजाइन दृष्टिकोण और स्थानीय सांस्कृतिक तत्वों के संतुलित प्रयोग की सराहना की। वहीं डिजाइनर राहुल टाक ने डिजाइनों में मौलिकताए प्रयोगधर्मिता और पेशेवर स्तर की तैयारी को उल्लेखनीय बताया। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को अपनी रचनात्मकता, तकनीकी दक्षता और कलात्मक दृष्टि प्रदर्शित करने का अवसर मिला। परिधान निर्माण से लेकर स्टाइलिंग, प्रस्तुति और रनवे निष्पादन तक विद्यार्थियों ने पेशेवर स्तर की तैयारी का परिचय दिया। समापन पर डिजाइनर्स, मॉडल्स, स्टाइलिस्ट्स, फैकल्टी सदस्यों और आयोजन टीम का सम्मान किया गया। उपस्थित अतिथियों ने इसे युवा डिजाइन प्रतिभाओं के लिए प्रेरणादायक मंच बताते हुए वीजीयू की सराहना की।

## युवा जागृति संगठन ने लगाए और वितरित किए 101 परिंडे

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** भीषण गर्मी में पक्षियों को पानी उपलब्ध कराने और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने के उद्देश्य से युवा जागृति संगठन एवं युवा शक्ति फाउंडेशन की ओर से रविवार को हवामहल स्थित बदनपुरा एवं आसपास के क्षेत्रों में 101 परिंडे लगाए एवं वितरित किए गए। यह अभियान संगठन द्वारा निर्धारित 1100 परिंडे लगाने एवं वितरण करने के लक्ष्य के तहत संचालित किया जा रहा है। कार्यक्रम संयोजक एवं समाजसेवी दौलत त्रिलोकानी ने बताया कि गर्मी के मौसम में पक्षियों को पेयजल उपलब्ध कराने के लिए यह विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत शहर के विभिन्न क्षेत्रों में परिंडे लगाए जाएंगे तथा लोगों को भी अपने घरों और प्रतिष्ठानों पर परिंडे लगाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। दौलत त्रिलोकानी ने बताया कि बढ़ती गर्मी और घटते जल स्रोतों के कारण पक्षियों के सामने पानी का संकट उत्पन्न हो जाता है। ऐसे में परिंडे लगाकर उन्हें राहत पहुंचाई जा सकती है। कार्यक्रम के दौरान लोगों से नियमित रूप से परिंडों में पानी भरने और पक्षियों के संरक्षण में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान भी किया गया।

## जरूरतमंद परिवारों को राशन किट वितरित

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** श्री अमरापुर स्थान जयपुर में पुरुषोत्तम अधिकमास के अवसर पर रविवार को प्रेम प्रकाश सेवा मंडली की ओर से मासिक सेवा कार्य के तहत 425 निर्धन परिवारों को राशन सामग्री किट वितरित की गई। किट में आटा, तेल, चीनी, मैदा, चाय, साबुन, सर्फ सहित दैनिक उपयोग की सामग्री के साथ फल, सब्जियां, मिष्ठान एवं शर्बत भी शामिल थे। ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए बेजुबान पक्षियों के लिए 551 परिंडों का भी वितरण किया गया। इस दौरान संतों ने श्रद्धालुओं को नियमित रूप से परिंडों में जल एवं दाना भरने का संकल्प दिलाया। पूज्य स्वामी मोहनलाल महाराज एवं स्वामी मनोहरलाल महाराज ने कहा कि गर्मी के मौसम में जल और भोजन के अभाव में पक्षियों का जीवन संकट में पड़ जाता है। ऐसे में परिंडे लगाकर उनकी सेवा करना पुण्य का कार्य है। इस अवसर पर बताया गया कि 9 जून से 19 जुलाई तक सद्गुरु स्वामी टेऊँराम जी महाराज का चालीहा महोत्सव श्री अमरापुर स्थान जयपुर में श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ आयोजित किया जाएगा।

## नि:शुल्क पंचकुण्डीय गायत्री महायज्ञ आयोजित

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** आराध्य देव ठाकुर श्री राधा गोविंद देव जी के आशीर्वाद एवं मंदिर महंत अंजन कुमार गोस्वामी महाराज के पावन सानिध्य में रविवार को गोविंद देवजी मंदिर परिसर में प्रात: 8 बजे से नि:शुल्क पंचकुण्डीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया। यह महायज्ञ समाज में सुख-समृद्धि, शांति और सकारात्मक ऊर्जा के संचार के उद्देश्य से आयोजित किया गया। यह सामूहि अनुष्ठान मंदिर परिसर पर प्रात पौने 8 बजे से प्रारंभ हुआ। यज्ञ में लगने वाली हवन सामग्री की व्यवस्था गायत्री परिवार की ओर से नि:शुल्क की गई। यज्ञ में शामिल होने के लिए पुरुष धोती-कुर्ता या कुर्ता-पायजामा और महिलाएं साड़ी या सलवार-सूट पहनकर शामिल हुई।

## बागेश्वर धाम से लौटे गौभक्तों का किया स्वागत

निसं

**बुगाला ( नवयत्न )।** लगभग 800 किलोमीटर की पदयात्रा पूरी कर शनिवार शाम को गौभक्त विजयपाल सिंह एवं रवि शर्मा बागेश्वर धाम से बुगाला धाम लौटे। गोशाला पहुंचने पर दोनों श्रद्धालुओं का ग्रामीणों ने माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया और उनकी धार्मिक यात्रा की सराहना की। गौभक्तों ने बताया कि उन्होंने बागेश्वर धाम में दर्शन-पूजन कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि एवं गौसेवा कार्यों की उन्नति के लिए प्रार्थना की। बुगाला पहुंचने पर उन्होंने गोशाला परिसर स्थित दो जांटी बालाजी मंदिर में भी दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। नन्दकिशोर स्वामी, महिपाल कुमावत, हरिराम जांगिड़ आदि ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस मौके पर कैप्टन महेश बुगालिया ने कहा कि इतनी लंबी पदयात्रा कर लौटे इन श्रद्धालुओं ने युवा पीढ़ी को धर्म, आस्था और सेवा का प्रेरणादायक संदेश दिया है। स्वागत कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने दोनों यात्रियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर शिवनारायण बुगालिया, महेन्द्र केडिया, गौरीशंकर सैनी, हव. रमेश बुगालिया, अनिल स्वामी, महावीर बुगालिया, महावीर स्वामी, आशीष, विकास, सुमेर सैनी, मनीष पारीक, कुशल सिंह, दातार सिंह शेखावत सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

## मित्तल परिवार की ओर से गौ सेवा के लिए सराहनीय पहल

प्रदीप सैनी

**दांतारामगढ़ ( नवयत्न )।** भामाशाह बनवारी लाल मित्तल परिवार द्वारा बीमार गौ माता के लिए प्रतिदिन 50 किलो हरा चारा उपलब्ध करवाए जाने की घोषणा की गई हैं। भामाशाह प्रेरक घीसालाल छीपा ने बताया कि कोलकाता प्रवासी व दांता निवासी बनवारी लाल मित्तल और आभा मित्तल के पुत्र कृष्णा मित्तल की ओर से ओम गौ सेवा केंद्र दांता में बीमार एवं घायल गायों के लिए यह सेवा शुरू की जा रही है। घीसालाल छीपा ने बताया कि प्रतिदिन 50 किलो हरा चारा प्रदान किया जाएगा और यह सेवा लगातार दो महीने तक जारी रहेगी। उन्होंने मितल परिवार की इस पहल की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास पशु कल्याण के साथ-साथ लोक?समान्य में भी सकारात्मक संदेश फैलाते हैं।

# श्रीमद्भागवत कथा महोत्सव का भक्तिमय वातावरण में समापन

निसं



**नोखा ( नवयत्न )।** अपना घर आश्रम नोखा में आयोजित प्रथम सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा महोत्सव का सप्तम एवं समापन दिवस श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक उल्लास के साथ संपन्न हुआ। कथा श्रवण के लिए हजारों की संख्या में माताएं, बहनें एवं भक्तजन उपस्थित रहे। पूरे आश्रम परिसर में भक्ति, सेवा और सत्संग का अद्भुत संगम देखने को मिला। कथा के मुख्य यजमान केशुराम तर्ड पूर्व सरपंच, बिछवाल रहे। उनके साथ सीयम प्रकाश, निर्मल भूरा एवं अन्य गणमान्य श्रद्धालुओं ने कथा में सहभागिता कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। इस अवसर पर अपना घर आश्रम के पूर्व सचिव रमेश व्यास भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। संपूर्ण कथा महोत्सव का सफल संचालन एवं व्यवस्थाएं कन्हैयालाल करवा के नेतृत्व में संपन्न हुई। कथा के अंतिम दिवस पर पूज्य रामसनेही संत माधव दास महाराज ने श्रीमद्भागवत महापुराण के समापन प्रसंगों का अत्यंत भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण की अंतिम लीलाओं, उनके उपदेशों तथा जीवन के आध्यात्मिक संदेशों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि मनुष्य का वास्तविक कल्याण भगवान की भक्ति, सेवा, करुणा और परोपकार में निहित है। महाराजश्री ने अपने उद्बोधन में कहा कि श्रीमद्भागवत केवल एक धार्मिक ग्रंथ नहीं बल्कि मानव जीवन को प्रेम, सेवा और समर्पण का मार्ग दिखाने वाला दिव्य ग्रंथ है। उन्होंने अपना घर आश्रम की सेवा भावना की सराहना करते हुए कहा कि असहाय, निराश्रित एवं पीड़ित प्रभुजनों की सेवा ही सच्चे अर्थों में भगवान की भक्ति है। जो व्यक्ति मानव सेवा को अपने जीवन का लक्ष्य बना लेता है, वह भगवान की विशेष कृपा का पात्र बनता है। उल्लेखनीय है कि अपना घर आश्रम नोखा में पहली बार सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा महोत्सव का आयोजन किया गया। यह आयोजन आश्रम में निवासरत प्रभुजनों के उत्तम स्वास्थ्य, सुखद जीवन, मानसिक शांति एवं आध्यात्मिक उन्नति की मंगलकामना के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। सात दिनों तक चले इस धार्मिक अनुष्ठान में श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया तथा कथा के माध्यम से धर्म, सेवा और मानवता के संदेश को आत्मसात किया। पूरे दिन भजन-कीर्तन, कथा श्रवण एवं धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण के जयकारों के साथ कथा का आनंद लिया तथा आश्रम में रह रहे प्रभुजनों के उत्तम स्वास्थ्य एवं सुखमय जीवन की कामना की। कथा के समापन अवसर पर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ यज्ञ की पूर्णाहुति सम्पन्न हुई तथा समस्त श्रद्धालुओं ने विश्व कल्याण, समाज में सुख-शांति और प्रभुजनों के मंगलमय जीवन की प्रार्थना की। समापन समारोह में अपना घर आश्रम नोखा के सचिव सतीश झंवर ने सभी यजमानों, संत-महात्माओं, अतिथियों एवं श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि समाज के सहयोग और सहभागिता से ही अपना घर आश्रम सेवा, संवेदना और मानवता के इस महान कार्य को आगे बढ़ा रहा है।

उन्होंने सभी से अपना घर परिवार से निरंतर जुड़े रहने तथा सेवा कार्यों में सक्रिय सहयोग देने का आह्वान किया। अंत में महाआरती, प्रसाद वितरण एवं मंगलकामनाओं के साथ सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा महोत्सव का भक्तिमय वातावरण में सफलतापूर्वक समापन हुआ।

## विद्यालय के पास खुली विद्युत डीपी बनी खतरे की निशानी, सुरक्षा घेरा लगाने की मांग



प्रदीप सैनी

**दांतारामगढ़ ( नवयत्न )।** निकटवर्ती ग्राम घाटवा के मुख्य बस स्टैंड के निकट स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, प्राथमिक विद्यालय तथा मुख्य मार्ग के पास लगी विद्युत डीपी ग्रामीणों के लिए चिंता का विषय बनी हुई है। डीपी के चारों ओर पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था नहीं होने से कभी भी दुर्घटना होने की आशंका बनी हुई है। ग्रामीण गणेश सिंह शेखावत ने बताया कि विद्यालय की दीवार के समीप स्थित विद्युत डीपी खुली अवस्था में है, जिसके आसपास विद्यार्थियों एवं राहगीरों का लगातार आवागमन रहता है। ऐसे में सुरक्षा घेरा नहीं होने से किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता है। ग्रामीणों ने विद्युत विभाग एवं संबंधित अधिकारियों से मांग की है कि जनहित को ध्यान में रखते हुए डीपी के चारों ओर शीघ्र तारबंदी अथवा सुरक्षा जाली लगाई जाए ताकि विद्यार्थियों,, ग्रामीणों एवं राहगीरों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। ग्रामीणों का कहना है कि समय रहते आवश्यक सुरक्षा उपाय नहीं किए गए तो भविष्य में कोई अप्रिय घटना घट सकती है। इसलिए विभाग को तत्काल कार्रवाई कर डीपी को सुरक्षित करने के कदम उठाने चाहिए।